CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, सोमवार 19 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 289 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में करीब चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी पेज 2



इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब खेल टाइम्स



कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ, अफवाह व दुष्प्रचार सम्पादकीय



ट्रम्प ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: तीन साल बाद गैंगरेप पीड़ित युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एक न्यूज चैनल के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

### धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### घने कोहरे से उड़ानें बाधित, परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रें में दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे। कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा।

## महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंसा

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक बीएमसी मेयर पद मांगा

## 29 पार्षद होटल भेजे, भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू, बहुमत का आंकड़ा 114

**मुंबई।** बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।

हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर

**■ संजय राउत बोले: शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो**



'भगवान' चाहेंगे, तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 29 पार्षदों की जरूरत है। उद्धव के 'मराठी कार्ड' खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या सीमित रह गई। अब शिंदे गुट ने मेयर पद का दांव चला है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स- ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी। दरअसल, मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी थी।

### दिल्ली में सांसों पर 'आफत' AQI '493' पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 493 दर्ज किया गया।

# भाजपा-एनडीए ने बिहार में जंगलराज रोका: पीएम मोदी

## कहा: अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार, घुसपैठ रोकने को फेंसिंग जरूरी

**कोलकाता/गुवाहाटी, वार्ता**

**पीएम नरेंद्र मोदी** ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प. बंगाल में मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। पीएम ने असम में कहा कि हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है, तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं। असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नार्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था। कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।





**■ घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है: पीएम**

**■ प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया**

**■ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर और कामाख्या- रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई**

### टीएमसी जनता से दुश्मनी निकाल रही: मोदी

**कोलकाता।** बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। बंगाल की धरती ने देश की विरासत देश की आजादी के लिए जो दिशा दी, जो नेतृत्व दिया।

बीजेपी उस प्रेरणा को राष्ट्र के कोने-कोने तक ले जा रही है। भाजपा सरकार ही है जिसने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने नेताजी सुभाषबाबू जी की तस्वीर लगाई है। आजाद हिंदी फौज के त्याग को नमन किया गया। नेताजी के नाम पर अंडमान में द्वीप का नाम रखा गया। पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम 24-25 को शुरू होकर 30 तारीख को पूरे होते थे। हमने अब इसे बदल दिया, अब 23 जनवरी सुभाष बाबू की जयंती से शुरू करके महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा किया है।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं।

अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। यूपी के लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, अयोध्या समेत 50 ज्यादा जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक रह गई है। उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को

**■ उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी व पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ**

बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विभाग ने रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में रविवार सुबह घनी धुंध रही। इस वजह से बठिंडा के मौड़ मंडी में पीआरटीसी बस गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई।

# प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होने की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत

**■ विमान में 230 यात्री थे सवार**

डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था कि प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया।

# लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जेल में फर्श पर सो रहे

**नई दिल्ली।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमो ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

सोनम वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे। गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। जिन पांच एफआईआर का हवाला दिया गया है, उनमें से तीन में वांगचुक का नाम नहीं है। जिन दो एफआईआर में नाम है, उनमें से एक अगस्त 2025 की है, जिसमें न तो नोटिस दिया गया और न पूछताछ हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला मजिस्ट्रेट का हिरासत आदेश पुलिस के प्रस्ताव की कॉपी-पेस्ट है। अधिकारी को अपना दिमाग लगाना चाहिए, सिर्फ कागजों की नकल नहीं करनी चाहिए। आंगमो ने कहा कि वे मामले को राजनीतिक नहीं बनाना चाहतीं। लेकिन उन्होंने कोर्ट में हो रही देरी पर चिंता जताई। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की ओर से तारीख पर तारीख ली जा रही है। गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि चींटियों के समुदाय में बहुत एकता, बहुत टीम भावना होती है, तो शायद वह उसका अध्ययन करना चाहते हैं।



**■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि बोलीं: बैरक में टहलने तक की जगह नहीं,**

**■ सरकार जानती है, उनके केस में दम नहीं**

# नोएडा में कार सहित दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया।

इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई। युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। -शेष पृष्ठ दो पर

**■ 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा**

**■ पिता को फोन कर कहा: मैं मरना नहीं चाहता**

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने की 306 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर प्रशासन ने पिछले सप्ताह से जारी अभियान में 306 एकड़ भूमि में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांगपोकपी जिले के साइ. कुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 12 से 17 जनवरी तक चलाए गए अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान के तहत खेतों में बनाई गई 43 अस्थाई झोपड़ियों के साथ-साथ स्प्रे पंप, पाइप, नमक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक को भी नष्ट कर दिया गया। पूरे मणिपुर में गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिससे कई गिरफ्तारियां हुई हैं और अवैध अफीम की खेती के बड़े इलाकों को नष्ट किया गया है।

### तेजस राजधानी में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**चंदौली।** राजेंद्र नगर पटना से नई दिल्ली जा रही 12309 तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से शनिवार की रात यहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) पर रोककर सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच अभियान चलाया। किसी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद ना होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तेजस राजधानी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 10:15 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। इसी दौरान रेलवे बोर्ड को सूचना मिली कि ट्रेन में बम रखा गया है। अलर्ट मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज, वार्ता**

■ **भीड़ का आलम ये था 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया था**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था।

जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ्तार से श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ का आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना में बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बडा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाजा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड घे बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं घे जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफिक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नहीं लगा। मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचार्या स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहे थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाए पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर शांक. राचार्य के साथ चल रहे लोगों ने पुलिस से कहासुनी कर ली।

### प्रियंका ने दीं मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती वाड्रा ने एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि तपस्या, त्याग, ध्यान और दान को समर्पित मौनी अमावस्या के पवित्र त्योहार पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देश के सभी नागरिकों का कल्याण करें।

# स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, वार्ता**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गति. विधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है। रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और रोजमर्रा की जिदगी में शारीरिक श्रम का बोझ कम होने से भी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। मंत्री ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत में युवाओं की आबादी बहुत अधिक है और अगर युवा स्वस्थ रहेंगे, तभी एक स्वस्थ भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक फिट और सक्षम पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा में बेहतर योगदान दे सकती है, जिससे विकास और प्रगति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवाओं की बुद्धि और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को आदत बनाने का आग्रह किया।

# अवैध धर्मातरण केस में एटीएस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी**

**लखनऊ/नागपुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मातरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस टीम ने एक दिन पूर्व शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मातरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इसमें धारा 121ए (देश के खिलाफ साजिश), 153ए (सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना) सहित धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। इसके साथ ही आरोपी पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत भी कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि ईदुल इस्लाम नागपुर में 'भारत प्रतिकार्थ सेवा संघ' नामक संगठन का संचालन कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि इसी मंच के जरिए अवैध धर्मातरण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। बताया गया है कि संगठन में ईदुल ने छांगुर उर्फ जलालुद्दीन को अवध प्रांत का अध्यक्ष भी नियुक्त किया था, ताकि उत्तर प्रदेश में नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। एटीएस जांच में यह भी सामने आया है कि ईदुल इस्लाम केवल संगठन से जुड़ा नाम भर नहीं था, बल्कि छांगुर के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और सीधे तौर पर गतिविधियों में सहयोग कर रहा था। एजेंसी को

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

# यूपी बनेगा देश का बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **कहा: प्रदेश अब मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा**

■ **राज्य सरकार उप्र दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इना. 'वेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है। टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अब लक्ष्य है कि स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच गांव स्तर पर ही हो जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन और एआई आधारित स्क्रीनिग को राज्य में बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। योगी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### सीएम ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में उन्होंने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े एसओपीयस प्रकाशन का विमोचन किया। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूपी में बेहतर इंफास्ट्रक्चर, सुरक्षित माहौल और सिगल विडो व्यवस्था उपलब्ध है, सरकार समयबद्ध स्वीकृतियों के साथ हर स्तर पर सहयोग देगी। वहीं गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह त्रिदिवसीय आयोजन राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।



**सेंसेक्स** 83570.35
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है, जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है।

अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का संसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के



साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। संसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गए, जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2. 19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3. 04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1. 11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एफपीआई ने जनवरी में निकाले 19,940 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 19,940 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली का मतलब है कि उन्होंने बाजार में जितना पैसा लगाया है, उससे अधिक निकाले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इक्विटी में 22,530 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। वहीं डेट, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। डेट में उनका शुद्ध निवेश 2,150 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 392 करोड़ रुपये पर रहा। हाइब्रिड में उन्होंने अबतक 52-58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले, साल 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये निकाले थे। इक्विटी में उनकी शुद्ध निकासी 1,60,103 करोड़ रुपये थी।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक तेजी, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही।

चीनी की कीमतों में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 39 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,795 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 13 रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,867 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 186 रुपये और सरसों तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 34 रुपये और वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 67 रुपये और सोया तेल की 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 35 रुपये और उड़द दाल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069. 98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608. 86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषाई विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन की विषयवस्तु और सत्र संरचना को अकादमिक दृष्टि से समग्र एवं अंतर्विषयक स्वरूप प्राप्त हुआ। दो दिनों के दौरान उद्घाटन सत्र, थीम आधारित सत्र, प्लेनरी सत्र, राउंड टेबल चर्चा, पैनल चर्चा तथा तकनीकी सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विविध पक्षों पर व्यापक विमर्श किया गया। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. चंद किरण सलूजा रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, विशिष्ट वक्ता प्रो. पवन कुमार शर्मा (भारतीय भाषा समिति) तथा विशिष्ट अतिथि डा. मंथा श्रीनिवासु (संयुक्त सचिव, यूजीसी) उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नोएडा में...** डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे। युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टार्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

# गरुड़ कमांडोज के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज ने कॉम्बैट फायरिग, बंधक बचाव अभियान, फायरिग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिग, रैपलिग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है।

# रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा, 7,500 ट्रैकों का नवीनीकरण जारी**

देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है। रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7,500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है।

इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है। रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है। रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है। रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिग पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिग किए जाएंगे। मशीनीकृत रखरखाव में मदद करने और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,100 से ज्यादा ट्रैक मशीनें खरीदी गई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेजी से और ज्यादा कुशलता से हो रहा है। रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिग को प्राथमिकता पर लिया गया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं। रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31,445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84,244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई।

# तिरंगे में लिपटा वीर सपूत गांव पहुंचा, हर आंख हुई नम

## गमगीन माहौल में मेजर शुभम सैनी का हुआ अंतिम संस्कार, सैन्य सम्मान के साथ दी अन्तिम सलामी


शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा नेता नदीम चौहान।


शहीद के शरीर पर पुष्पों की माला अर्पित करते विधायक गुलाम मोहम्मद।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** उत्तराखंड के चकराता क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में असमय काल के गाल में समा गए भारतीय सेना के मेजर शुभम सैनी का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव घसौली रोहटा ब्लॉक, मेरठ पहुंचा। जैसे ही सेना के वाहन से तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर गांव की सीमा में दाखिल हुआ, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव की गलियों में सन्नाटा छा गया और हर तरफ सिर्फ आंसुओं और सिसकियों की आवाजें सुनाई देने लगीं। सुबह से ही गांव में लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग अपने वीर सपूत को अंतिम दर्शन देने पहुंचे। परिजन जैसे ही पार्थिव शरीर के समीप पहुंचे, उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। माता-पिता, भाई-बहन और अन्य परिजन गहरे सदमे में नजर आए। गांव की महिलाओं ने विलाप करते हुए दिवंगत मेजर को नम आंखों से विदाई दी।

### तिरंगे के साए में अंतिम दर्शन

गांव के मुख्य चौराहे पर पार्थिव शरीर को कुछ समय के लिए रखा गया, जहां ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तिरंगे से ढके शव के सामने लोग हाथ जोड़कर नतमस्तक होते नजर आए। पूरे वातावरण में देशभक्ति और शोक का मिला-जुला भाव देखने को मिला।

### सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

रविवार दोपहर गांव के श्मशान घाट पर मेजर शुभम सैनी का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और हवा में तीन राउंड फायर कर अपने साथी अधिकारी को अंतिम सलामी दी। बिगुल की गूंज के बीच जब तिरंगा पार्थिव शरीर से उतारा गया, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। मेजर शुभम सैनी अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से पूरा श्मशान घाट गूंज उठा।

### 2019 में सेना में हुए थे भर्ती

बताया जा रहा है कि मेजर शुभम सैनी वर्ष 2019 में कमीशन के माध्यम से भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर भर्ती हुए थे। अपनी काबि. लियत और मेहनत के दम पर उन्होंने कुछ ही वर्षों में मेजर का पद हासिल किया। वह वर्तमान में चकराता स्थित सेना मुख्यालय में तैनात थे। उनका उज्ज्वल भविष्य सभी को उम्मीदों से भर देता था, लेकिन यह हादसा सब कुछ छीन ले गया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मेजर शुभम सैनी के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता सदमे में हैं और बार-बार बेसुध हो जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि शुभम हाल ही में छुट्टी पर घर आने वाले थे। उनके अचानक चले जाने से घर में मातम पसरा हुआ है।

### गांव और जिले में शोक की लहर

मेजर शुभम सैनी के असामयिक निधन से न सिर्फ गांव घसौली, बल्कि पूरे रोहटा क्षेत्र और मेरठ जिले में शोक का माहौल है। दुकानों के शटर आधे गिरे रहे और लोगों ने अपने-अपने तरीके से शोक व्यक्त किया। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि शुभम बचपन से ही अनुशासनप्रिय, मेहनती और देशसेवा के प्रति समर्पित थे। उन्होंने बहुत कम उम्र में सेना में अधिकारी बनकर गांव और परिवार का नाम रोशन किया। उनके निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर व्याप्त है।


अंतिम यात्रा में शामिल सांसद राजकुमार सांगवान, रालोद नेता रणवीर दहिया, भाजपा के पूर्व मंत्री सुनील भराला, पूर्व विधायक जितेन्द्र सतवाई व सुनील रोहटा

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी पहुंचे उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने

अंतिम संस्कार में कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सेना के वरिष्ठ अफसर, पुलिस अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि मेजर शुभम सैनी का बलिदान और सेवाएं देश हमेशा याद रखेगा। अधिकारियों ने परिजनों को सरकार और सेना की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक गुलाम मोहम्मद, पूर्व प्रत्याशी नदीम चौहान, क्षेत्र के सांसद डाक्टर राजकुमार सांगवान, रणवीर दहिया, सुनील रोहटा, पूर्व विधायक जितेंद्र सतवाई आदि ने नम आंखों से शहीद को विदाई दी। उधर मेजर के निधन की सूचना पाकर सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारीगण भी शोकग्रस्त हो गए। रविवार होने के कारण सैनिक कल्याण बोर्ड में अवकाश था इसके बावजूद उनके निधन की सूचना पाकर कल्याण बोर्ड में काम कर रहीं शहीदों की विधवाओं के आंसू छलक उठे। गौरतलब है कि सैनिक कल्याण बोर्ड में सरकार के द्वारा शहीद जवानों और अधिकारियों की पत्नी को सेवा प्रदान की जाती है। ऐसे में एक ओर सैनिक/अधिकारी की मौत ने कल्याण बोर्ड की महिलाओं को रोने पर विवश कर दिया।

# सरधना में रक्तदान शिविर का आयोजन, 70 लोगों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित पुलिस चौकी के समीप रविवार को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शि. विर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित रहा, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की नि:शुल्क चिकित्सीय जांच की गई। जांच में हीमोग्लोबिन, एचआईवी, काला पीलिया हेपेटाइटिस, मलेरिया एवं वी.डी.आर.एल. जैसी आवश्यक जांचें शामिल रहीं। शिविर में कुल लगभग 70 स्वस्थ रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। यह शिविर शाहरुख आरिफ उर्फ बंटी कुरैशी के सहयोग से तथा जीवन दान चैरिटेबल ब्लड सेंटर, बागपत रोड, मेरठ द्वारा आयोजित किया गया। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान से कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। शिविर के दौरान हकीम कलीम, काजी अकरम, रामकिशोर, अरशद खान, अनुज, हरैश, शुभम एवं शाहरुख खान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने क्षेत्र के स्वस्थ नागरिकों से आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# 159 लाभार्थियों को सौंपें स्वीकृति पत्र, खिले चेहरे




स्वीकृति पत्र के साथ खड़े लाभार्थी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत बहसूमा बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगर पंचायत बहसूमा में 159 आवास लाभार्थियों का चयन हुआ है। नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को सभी लाभार्थियों को बुलाकर उन पर पुष्प वर्षा कर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही भविष्य में आने वाले 250 मकान के लिए भी नगर पंचायत बोर्ड अध्यक्ष द्वारा वादा किया गया। जल्द ही अन्य लाभार्थियों को भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलेगा। जिसमें सभी 159 लाभार्थियों को रविवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ सरकारी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री भी जुड़े।

नगर पंचायत चेयरमैन सचिन कुमार सुकड़ी ने बताया कि आगे भी लगभग 250 आवास लाभार्थियों की सूची जल्द ही जारी होगी। जिसके लिए नगर पंचायत टीम प्रयास कर रही है। जिसमें जल्द ही सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन सचिन कुमार सुकड़ी, सभासद राजू राठी, वीरेंद्र नागर, सभासद चीनू जाटव, सभासद मोनू जाटव, मनीष अहलावत, सभासद सूरजपाल, सभासद सचिन कुमार उर्फ गिल्लो, सभासद विष्णु कुमार, सभासद अरुण कुमार, सभासद, भाजपा नेता अमित गोयल, गौरव राजवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# बहसूमा में 6 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

## बैठक में 35 सदस्यीय समिति का गठन, तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के रामराज में आगामी छह फरवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से मास्टर धनेश बंसल, ठाकुर जयपाल सिंह, अशोक सिंघल, नवीन कुमार शर्मा को हिंदू सम्मेलन के संरक्षक नियुक्त किए गये। और रोहित बंसल उर्फ मोनू बंसल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए 35 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। वक्ताओं ने इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला, कहा कि ये हमारी संस्कृति और पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामराज खंड के खंड संघ चालक मास्टर ब्रह्मचारी सिंह ने बैठक में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी सामा. जिक वर्गों और भौगोलिक क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर रामराज खंड के खंड संघचालक मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, शैलू चौधरी, प्रधान सुरेंद्र पाल, सुदर्शन गोयल, विनोद पंवार, सचिन बैंसला, विधि चंद, नरेश चौहान, देवेंद्र चौहान, अजय तोमर, शुभम अरोरा आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना, किठौर व शाहजहांपुर में लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत कस्बा किठौर में 31 तथा कस्बा शाहजहांपुर में 12 लाभार्थियों के खातों में पहली किस्त की राशि पहुंच गई है। पहली किस्त मिलने से लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई है और वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

इस उपलब्धि का श्रेय किठौर चेयरपर्सन सलमान मुनकाद और शाहजहांपुर चेयरमैन वसी उर्रहमान की निरंतर मेहनत और सक्रिय प्रयासों को दिया जा रहा है। दोनों जनप्रति. निधियों के प्रयासों से लंबे समय से प्रक्रिया में अटकी फाइलों को गति मिली और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सका। किठौर में नगर पंचायत चेयरपर्सन पति सलमान मुनकाद के अथक प्रयासों के बाद 31 लाभार्थियों को इस योजना का सीधा लाभ मिला है। आपको बता दे कि नगर पंचायत चेयरपर्सन सलमान मुनकाद ने गरीबों को लाभ पहुंचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। उनके इस प्रयास से ही अब काफी समय से अपने घर का सपना देख रखे वंचितों का सपना पूरा हुआ है। वहीं पहली किस्त आने के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गई हैं उधर शाहजहांपुर कस्बे में नगर पंचायत के प्रयास से 12 लाभार्थियों के खाते में किश्त पहुंची है। बताया जा रहा है कि काफी समय से कस्बेवासी पहली किस्त का इंतजार कर रहे थे। अब राशि खाते में पहुंचने के बाद लाभार्थियों ने जल्द ही आवास निर्माण शुरू करने की तैयारी कर ली है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि आगे की किस्तें भी समय पर जारी होंगी, जिससे आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जा सकेगा। वहीं चेयरपर्सन सलमान मुनकाद ने बताया कि दूसरी लिस्ट पर काम जारी है, जल्द अन्य लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। और उनके चेहरे खिलेंगे।




चेयरपर्सन पति सलमान मुनकाद द्वारा पीएम आवास विकास योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री की ऑनलाइन मीटिंग के लिए बस में सवार कर रवाना करते हुए

# सभी से एकजुट होने की अपील, अधिकारी कराते हैं संगठन में तोड़फोड़: राकेश टिकैत


## भाकियू का राष्ट्रीय चिंतन शिविर का हुआ समापन, रेलवे ने लगाई स्पेशल ट्रेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शि. विर का रविवार को अंतिम दिन था चिंतन शिविर के समापन के उपरांत क्षेत्रीय उच्च अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन चौधरी राकेश टिकैत एवं समस्त किसानों ने दिया चिंतन शिविर से स्टेशन जाने एवं स्टेशन से मेरठ जाने हेतु मेरठ के स्पेशल ट्रेन एवं रोडवेज बसों की मांग को स्थानीय प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जाने पर भाकियू मेरठ इकाई ने चौधरी गौरव टिकैत के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय मेला अधिकारी के घेराव के घोषणा कर चिंतन शिविर से पैदल मार्च कर दिया।

जिसमें हजारों लोग शामिल रहे और मेला अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और वहीं देशी साज से रागनी गानी शुरू कर दी और स्टेशन तक जाने हेतु रोडवेज और मेरठ जाने हेतु स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की मांग पूरी होने तक न उठने की घोषणा करते हुए रामफल शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत आरम्भ कर जो कि लगभग दो घंटे चली। जिससे स्थानीय प्रशासन में असमंजस की स्थिति बन गई और स्थानीय उच्च अधिकारी पुलिस अधीक्षक राम यादव मेला खंड अधिकारी एडीएम ऋतु सिंह अन्य अधिकारी धरने में पुलिस उपाधीक्षक कालीरमन जो मेरठ ट्रेनिंग सेंटर में तैनात है पहुंचे ओर किसानों से वार्ता करते हुए उन्हें समझाने बुझाने की कोशिश की और उन्हें व्यवस्था अनुपलब्ध बताने का प्रयास किया। जिससे जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी समेत सब किसान भड़क गए और या तो रेल में जाने या जेल जाने के नारे लगाते हुए वहीं धरना प्रदर्शन जारी रखा उसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा रोडवेज बसों का इंतजाम करके स्टेशन पर सभी कार्यकर्ताओं को पहुंचाने का कार्य प्रशासन द्वारा किया गया और रेलवे द्वारा एक स्पेशल ट्रेन प्रयागराज से मेरठ हेतु लगाई गई जिसमें किसान मेरठ सवार हुए जिसमें 20 कोच की व्यवस्था रेलवे द्वारा की गई थी। तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के दौरान भाकियू मेरठ जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में भाकियू मेरठ इकाई ने तीनों दिन लंगर भंडारे की व्यवस्था मेरठ इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई जिसमें हजारों किसान कार्यकर्ताओं ने भोजन ग्रहण किया और शिविर में टेंटो में ही निवास किया और सभी स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करते चिंतन किया और मेरठ जिला प्रशासन द्वारा वादा खिलाफी के विरोध ने सभी एक सुर आवाज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की रणनीति तैयार की गई और जल्द तारीख घोषित करने की घोषणा करने का निर्णय लिया गया रेल रोको आंदोलन को स्पेशल ट्रेन दिए जाने के कारण इस सुविधा को देखते रेल रोको आंदोलन को अभी एक सप्ताह स्थगित किया गया है।

# शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान जलभराव व गंदगी से परेशान लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला किला खेवान में जलभराव और गंदगी की समस्या लगातार बनी हुई है। नगर पालिका की उदासीनता के चलते स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मोहल्ला किला खेवान निवासी शमशाद, अल्ताफ, महबात, आफताब, दिलशाद, शान आलम आदि का कहना है कि धार्मिक स्थल की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से जलभराव और गंदगी की चपेट में है। इससे राहगीरों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि इस संबंध में नगर पालिका परिषद को कई बार अवगत कराया गया, यहां तक कि चेयरमैन से व्यक्तिगत रूप से भी शिकायत की गई, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। वहीं इस मामले में नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने बताया कि समस्या उनके संज्ञान में है और जल्द ही जलभराव व गंदगी की समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# धूमधाम से मना किठौर चेयरमैन सलमान मुनकाद अली का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नगर पंचायत किठौर के चेयरमैन सलमान मुनकाद अली का 32वां जन्मदिन रविवार को नगर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। जन्मदिन समारोह के दौरान केक काटा गया, वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर चेयरमैन सलमान मुनकाद अली को शुभकामनाएं दीं। बताया जाता है कि सलमान मुनकाद अली बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता मुनकाद अली के पुत्र हैं और युवाओं व बुजुर्गों में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। इस अवसर पर बसपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नगर के विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। वहीं लोगों ने कहा कि सलमान बहुत ही अच्छे स्वभाव के व्यक्ति हैं। वह हमेशा गरीबों की मदद करते है। इस अवसर पर ठेकेदार अनवर, ठेकेदार कादिर, जानू सैफी, सभासद जावेद शमशाद, अब्दुल्लाह राफा, मुजाहिद, शाहरुख मारूफ, बाबर मतलूब, सद्दाम, हाफिज असद बाबुद्दीन, अदनान फारूक, अली त्यागी, भूरे फिरासत, आजाद कुरैशी, आतिफ हैदर, आदि लोग उपस्थित रहे।



# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया प्रेरणा स्थल का भव्य लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन क्षेत्र के वार्ड 37 अंतर्गत विक्रम एन्क्लेव 80 फुटा रोड पर निर्मित 'प्रेरणा स्थल' का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस अवसर पर देश के महान सपूत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी सहित 9 महापुरुषों की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। समारोह मे भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई सहित 9 महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण



बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री ने कहा यह प्रेरणा स्थल समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्रेरणा स्थल केवल प्रतिमाओं का समूह नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, सेवा और समर्पण की जीवंत पाठशाला है।

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी जैसे महापुरुषों ने राजनीति को सेवा, शुचिता और संवे. दनशीलता से जोड़ा। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने कहा कि यह प्रेरणा स्थल समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। वार्ड 37 के पार्षद कार्यक्रम सयोंजक रवि भाटी ने कहा कि प्रेरणा स्थल का निर्माण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह स्थान केवल स्मारक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का केंद्र बनेंगे। इस प्रेरणादायी आयोजन का सफल नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, पार्षद रवि भाटी के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजक के रूप में सरदार सिंह भाटी तथा, कालीचरण पहलवान, कार्यक्रम के संयोजक के रूप में पार्षद रवि भाटी ने आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने क्षेत्र की जनता, सामाजिक संगठनों एवं सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही महापुरुषों के विचारों को जीवंत रखा जा सकता है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, बसंत त्यागी प्रदेश मंत्री भाजपा, कार्यक्रम आयोजक सरदार सिंह भाटी, कार्यक्रम सयोंजक स्थानीय पार्षद रवि भाटी, कालीचरण पहलवान पार्षद,मण्डल अध्यक्ष अशोक भाटी, दीपक ठाकुर,धर्मपाल चौधरी, गौरव गर्ग, राहुल शर्मा, बबली चौहान, पंकज चौधरी, सुदीप शर्मा, विरपाल कटारिया, सोमनाथ चौहान, अशोक भाटी,सुधीर, टिंकू, इंदरपाल चौधरी, दुष्यंत चौधरी, सर्वेश, प्रवीण, सोनू चौधरी, दीपक मिश्रा, केलाश भट्ट, सुदीप शर्मा, विरपाल कटारिया, अजयचंद प्रधान, आकाश, सूरज, रोहित, मुकेश, हरीश खर्कवाल इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**मोदीनगर। तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद उपायुक्त मेरठ मंडल, एडीएम ई, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार। कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।**

# पुलिस चौकी के बराबर से कार चोरी

## चोरों में पुलिस का खौफ होने के दावों की खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वैसे तो यूपी पुलिस क्राइम कंट्रोल करने के लिए अपने पीठ थपथपा रही है। लेकिन हालात इसके उलट है आज के हाईटेक जमाने में भी जहां चारों तरफ पुलिस चौकिया बनी है साथ ही चप्पे-चप्पे पर कैमरे की भी नजर है इसके बावजूद भी चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हैं जिससे साबित होता है कि चोरों पर पुलिस का कोई खौफ नहीं है और पुलिस वही जीरो क्राइम का ढोल पीट रही है जानकारी के अनुसार थाना सिहानी गेट क्षेत्र के अंतर्गत स्थित नवयुग मार्केट से गत पूर्व रात्रि अज्ञात चोर मारुति ब्रेजा नंबर UP14 EE 9593 को चुराकर फरार हो गए। अगर सी सी टीवी कैमरे की फुटेज को देखा



जाए तो कार को ले जाने वाले पुलिस चौकी के बगल से ही गुजरते नजर आ रहे हैं। लेकिन उन्हें पुलिस का जरा सा भी खौफ नहीं है मालूम हो कि डसना गेट निवासी सलमान कुरैशी की ब्रेजा कार नवयुग मार्केट में चौकी से चंद कदमो की दूरी पर ही खड़ी हुई थी जब वह गत दिन पूर्व कहीं जाने के लिए अपनी कार के पास पहुंचे तो मौके पर कार नहीं मिली जिसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दी गई सूचना के बाद पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिसमें वाहन चोर गाड़ी ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। लेकिन अभी तक पुलिस को ना तो गाड़ी मिली है और न हीं चोरों का कोई सुराग पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# कौशल चौधरी बने भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के द्वारा हापुड़ जिले का जिला अध्यक्ष हापुड़ में चमरी के रहने वाले एडवोकेट कौशल चौधरी को नियुक्त किया गया।

भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुँवर अयूब अली, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती गीता निगम, सचिव सोहनवीर सिंह खुटैल, कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह चाचा, प्रवीण चौधरी, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, वीरपाल सिंह, युवा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष विपिन खुटैल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर नेताजी, श्याम सिंह चौधरी सभी ने किसान और मजदूर की उन्नति के लिए अपने-अपने विचार रखें और जिला प्रशासन, तहसील और पुलिस के के भ्रष्टाचारियों पर सख्त कदम उठाने का संकल्प लिया। मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र चौधरी ने किया।

## एक नजर

# भागवत गीता कथा का शुभारंभ होने पर निकली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कविनगर एल ब्लॉक स्थित शिव मंदिर में भागवत गीता कथा का शुभारंभ होने के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कथा 19 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगी। इस उपलक्ष में दिनांक 18 जनवरी 2026 को एक शोभा कलश यात्रा भागवत कथा के उपलक्ष में कवि नगर में निकाली गई। एल ब्लॉक कवि नगर में कथा मे राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता महिला पदाधिकारी काजल छिब्बर अशोक भारतीय संजय शर्मा आशु पाठक आदि ने कलश यात्रा में भाग लेकर शोभा बढ़ाई। यात्रा और कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से रघुवीर भसीन एम एम अग्रवाल पूनम त्यागी नवीन त्यागी श्याम अग्रवाल पूजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पतला में प्रशासनिक कम्बल वितरण कार्यक्रम में सांसद रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पंचायत पतला में प्रशासन द्वारा कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत के सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान जी व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी रहे। नगर पंचायत पतला की अध्यक्ष रीता चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एस.डी.एम अजीत सिंह व तेजपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, देवेंद्र चौधरी रालोद, एवं तहसीलदार रजत सिंह, व नायब तहसीलदार की उपस्थिति रही। नगर पंचायत पतला अध्यक्ष श्रीमती रीता चौधरी ने सांसद जी व सभी अथितियों का पुष्पगुच्छा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में समस्त सभासदगण और हजारों महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर, गाजियाबाद में ट्रिपल टैक बास्केटबॉल फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल संघ (UPBA) के तत्वावधान में 3०3 सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन 13 से 14 जनवरी 2026 तक किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 31 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंद किशोर कलाल, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) रहे। कार्यक्रम की शोभा अतिथि सम्मान के रूप में जे. के. गौड़, संस्थापक एवं चेयरमैन, जेकेजी एजुकेशन ग्रुप की



गरिमामयी उपस्थिति से और भी बढ़ी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय 3०3 बास्केटबॉल चैंपियनशिप, जो दिल्ली में आयोजित की जाएगी, के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद पुरुष वर्ग में लखनऊ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अलीगढ़ की टीम उपविजेता रही और गाजियाबाद की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में यूपी पुलिस की टीम विजेता बनी, नॉर्थ ईस्ट रेलवे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बाराबंकी की टीम तृतीय स्थान पर रही। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई टीमों ने अनुशासन, उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया। सफल आयोजन और उच्च स्तरीय मुकाबलों के साथ चैंपियनशिप का समापन हुआ। आयोजकों ने नेहरू वर्ल्ड स्कूल के सहयोग, सभी टीमों, निर्णायकों, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# आईएमए के द्वारा लगाई गई निशुल्क सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईएमए की टीम ने आईएमए की अध्यक्षता डॉक्टर अल्पना कंसल के नेतृत्व में धर्मार्थ औषधालय शिव मंदिर समिति सेकंड सी,ई,एफ ब्लॉक में निशुल्क सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन गार्डासील-4 बच्चियों को लगाई। यह एक ऐसी मुहिम है जिसको डॉक्टर अल्पना द्वारा पहले एक एनजीओ की मदद से जारी किया गया था जिसमें लगभग 400 बच्चों को वैक्सीनेट किया गया।

मगर यह वैक्सीन लगभग 3000 में उपलब्ध होने के कारण यह प्रोजेक्ट बंद होने की कगार पर पहुंचा, परंतु डॉक्टर अल्पना ने इसको बंद नहीं होने दिया और आई एम ए इसमें आगे आई और अभी तक तीन कैंपों के माध्यम से 90 बच्चों को इस वैक्सीन को लगाया जा चुका है। यही वह क्षेत्र हैं जहां हमें धन की आवश्यकता होती है एवं ऐसे लोगों की जो ऐसे प्रोजेक्ट को सपोर्ट करते हैं हम मीडिया के माध्यम से अपील करते हैं।

इस प्रोजेक्ट को एक बड़े स्केल पर करना चाहते हैं अत: जो भी इसमें आई एम ए के साथ साथ जुड़ना चाहे जुड़े एवं बच्चों को बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाने के लिए इस वैक्सीनेशन कार्यक्रम को सपोर्ट करें। बच्चेदानी का मुंह का कैंसर, स्तन के कैंसर के बाद औरतों में होने वाला दूसरा सबसे अधिक कैंसर है।हर साल इससे 74000 औरतों की मृत्यु हो जाती है।इस कैंसर से बचाव के लिए टीके बहुत कामयाब है।

आई एम ए के डॉक्टर्स का निरंतर प्रयास रहता है कि सबको इसके लिए जागरूक कराया जा सके।इसी श्रृंखला में 18 जनवरी को 32 बच्चों को मुफ्त गार्डशिल- 4 के टीके लगाए गए।डॉ अल्पना कंसल,डॉ राजीव त्यागी,डॉ सारिका जैन,डॉ अरुणा अग्रवाल,डॉ नवनीत वर्मा और डॉ नीलू खनेजा ने सभी को टीके लगाए और सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव के टीके और नियमित जांच से बारे में अवगत कराया।

# सीकरी रोड पर हुआ भाजयुमो की बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सीकरी रोड अपने कार्यालय पर युवा मोर्चा की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष निखिल वत्स एवं राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री दीपक वत्स द्वारा किया गया मुख्य रूप से युवा मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा जिला महामंत्री कुलदीप सोलंकी भोजपुर के मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा जी मीडिया प्रभारी विशाल शर्मा जी डॉ विनोद चंद शर्मा, मुकुल शर्मा, तरुण सोनी, मनोज शर्मा, मोहन सिंह, राजकुमार मास्टर, राम निवास त्यागी आदि उपस्थित रहे सभी अतिथियों का माला पहनकर एवं फटका पहना कर स्वागत किया गया।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में मेरिट व प्रदर्शन पुरस्कार तथा उपस्थिति सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों के लिए मेरिट एवं प्रदर्शन सुधार पुरस्कार तथा उपस्थिति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ। आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने सभी मेरिट एवं प्रदर्शन सुधार पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के गतिशील परिवेश में सफलता प्राप्त करने के लिए आजीवन सीखने की प्रवृत्ति, अनुकूलन क्षमता एवं चपलता अत्यंत आवश्यक गुण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु संस्थान के प्रतिबद्धता की भी चर्चा की। डॉ.



अनुषा अग्रवाल, चेयरपर्सन (पीजीडीएम) ने कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी तथा संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे इन पुरस्कारों की परिकल्पना एवं प्रेरणा स्रोत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा जी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन की सराहना की और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। यह पुरस्कार समारोह तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया। प्रथम श्रेणी में, पीजीडीएम बैच 2024-26 के तृतीय एवं चतुर्थ ट्राइमेस्टर तथा पीजीडीएम बैच 2025-27 के प्रथम ट्राइमेस्टर के शीर्ष 10 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मेरिट पुरस्कार प्रदान किए गए।

# मातृभूमि सेवा संघ ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** निवाड़ी रोड स्थित एक होटल में मातृभूमि सेवा संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के संस्थापक द्वारा संघ की कोर कमेटी का गठन किया गया। कोर कमेटी में प्रदीप बांगवा, रूपा त्यागी, पवन चौधरी, पवन शर्मा एवं सिद्धार्थ ठाकुर को शामिल किया गया।

इसके उपरांत कोर कमेटी द्वारा संगठन की नव-निर्मित कार्यकारिणी के प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से दायित्व निर्धारण किया गया। इस अवसर पर विकास भारतीय को अध्यक्ष, खुशाल सिंह नेगी को महासि. चव, मोहित सोनी को कोषाध्यक्ष, आशुतोष सक्सेना एवं राजीव सैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज शर्मा एवं विनय सिंघल को उपाध्यक्ष तथा रिंकू वर्मा को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी के गठन से मातृभूमि सेवा संघ राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकारों एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यों को और अधिक सक्रियता, समर्पण तथा प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी की मासिक परिचर्चा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) की मासिक चर्चा पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने आपस में पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की। चर्चा की शुरुआत करते हुए विनोद अकेला ने बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव जी के आकस्मिक निधन के बाद पार्टी की गतिविधियों में शिथिलता आ गई थी, हमें अध्यक्ष जी के सपनों को साकार करना है तो पार्टी में आई शिथिलता को दूर करना होगा, इसके लिए हमें अपनी जिला इकाइयों को एक्टिव करना होगा। संवाद को आगे बढ़ते हुए



सत्येंद्र यादव ने बताया की संगठन की शक्तियां क्या है किस तरह से संगठन को आगे बढ़ाया जा सकता है उन्होंने सबसे प्राचीन पार्टी कांग्रेस पार्टी किस तरह से आगे बड़ी उसके बारे में भी बताया और सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी को संगठित करने पर जोर दिया। पवन सक्सेना ने इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर चर्चा की

धीरेंद्र सिंह की भदोरिया ने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया उन्होंने कहा की पार्टी के समस्त पदाधिकारी को पार्टी की सदस्यता बढ़ाने के लिए जनता के बीच जाना चाहिए। अनिल मिश्रा ने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए इस संबंध में अपना वक्तव्य दिया। पार्टी की इस मासिक बैठक में विशेष रूप से अनिल सिन्हा, दिनेश चंद माथुर, जतिन सहगल, मयंक ग्रोवर, रंजीत शर्मा, गणेश शर्मा, सुभाष चंद्र पांडे, दीपक वर्मा, कमल यादव, पवन सक्सेना, राम गणेश सिंह, विनोद कुमार सिंह अकेला, सत्येंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह भदोरिया, अनिल मिश्रा, आर पी शुक्ला, मुकेश राज, गिरीश मिश्रा, राजेंद्र यादव, विकास, धर्मेंद्र आर्य, ऋषि, उमेश शुक्ला, सोनिया शुक्ला, सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया अंत में विनोद कुमार सिंह अकेला ने राष्ट्रगान के साथ पार्टी की मासिक चर्चा के समापन की घोषणा की।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते हुआ बड़ा हादसा

## करीब एक दर्जन कारें और अन्य वाहन आपस में टकराएं, हादसे में कई ड्राइवर और कार सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में सुबह के समय कम दृश्यता के कारण करीब एक दर्जन कारें और अन्य वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कई ड्राइवर और कार सवारों को चोटें आई हैं, जिन्हें मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे अथॉरिटी की टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कारों और ट्रकों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने वाहन चालकों से कोहरे में धीमी गति, सुरक्षित दूरी और फॉग लाइट के प्रयोग की अपील की है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। मामला दिल्ली देहरादून







कॉरिडोर पर पाठशाला चौकी के समीप का है जहां आधा दर्जन से अधिक वहां एक दूसरे से कम विजुअलिटी होने के चलते टकरा गए और पीछे से आ रहे वाहन चालक लगातार क्षतिग्रस्त वाहनों से टकराकर घायल हो गए जिसमें 12 से अधिक वाहन चालक वाहनों में सवार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा कर कर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया है।

वहीं हादसे के दौरान यातायात व्यवस्था भी ठप हो गई और मौके पर पहुंचे हाईवे अधिकारी और पुलिस टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा कर कर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजित, एकता और जागरूकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत एवं हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना और उनमें सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता पैदा करना रहा।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर भैया दास महाराज उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रजघाट पीठाधीश्वर श्री श्री1008 स्वामी जलेश्वर आनंद गिरि महाराज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मंच से वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, संगठन और जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर भैया दास महाराज ने अपने संबा. ेधन में कहा कि हिन्दू समाज लंबे समय से जाति-पाति में बंटा रहा है, जिससे उसकी एकजुटता कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि जातिगत विभाजन के कारण हिन्दुओं का शोषण और हनन होता रहा है। अब समय आ गया है कि सभी हिन्दू जाति-पाति से ऊपर उठकर एक होकर रहें और स्वयं को केवल हिन्दू के रूप में पहचानें। विशिष्ट अतिथि स्वामी जलेश्वर आनंद गिरि महाराज ने भी हिन्दू समाज को संगठित रहने का संदेश देते हुए कहा कि एकजुट समाज ही अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा कर सकता है। सम्मेलन के माध्यम से हिन्दू समाज को जागृत करने का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा हिन्दू एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।



# शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की होती है वृद्धिः विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में धर्मसभा के मध्य आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की वृद्धि होती है और सन्त समागम से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने के उपरान्त व्यक्ति आचरण को अंग. ीकार कर लेता है। इसलिए जैन दर्शन में आचार्य उसी को माना गया है, जो ज्ञान व आचरण दोनों से युक्त है। जो मात्र ज्ञान को ही मिथ्यात्व व संसार को हटाने वाला मानता है। उसकी बुद्धि उल्लू के समान होती है। जैसे उल्लू सूर्य के प्रकाश को अंधकार का कारण मानता है। उसी प्रकार तथाकथित ज्ञान सन्त के समागम को अज्ञान की वृद्धि मानता है और शस्त्र अध्ययन को केवलज्ञान का दाता मानता है। आचार्य श्री ने कहा कि महावीर का मार्ग संकल्प का मार्ग है। उन्होंने आचार्य की गुरू गरिमा रूप उपमाओं का विश्लेषण करते हुए बतलाया कि साधू सिंह या पराक्रमी होता है। जैसे सिंघो का संगठन नहीं होता, उसी प्रकार साधु का भी संगठन नहीं होता। सिंह मरना स्वीकार कर लेता है पर घास खाना नहीं। उसी प्रकार साध समाधि स्वीकार कर लेता है पर मिथ्यात्व का सेवन नहीं। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, संजीव जैन, वकील चंद जैन, मदन जैन, जितेंद्र जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित रहे।



# दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में दस्तावेज एडवोकेट धीर सिंह तोमर के चेंबर पर दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा बडौत की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष पद पर सुरेश पाल तोमर एवं रामवीर सिंह अनिल कुमार के नाम सहमति जताई गई। कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण पाल सिंह एवं सूरजबल महामंत्री पद के लिए राकेश कुमार व उपाध्यक्ष पद पर प्रवेश कुमार के नाम की घोषणा की गई। बैठक में सुरेश पाल तोमर शकील अब्बासी एडवोकेट धीरज पाल तोमर संदीप कुमार धिरसिह रामवीर सिंह प्रवेश कुमार अश्वनी शर्मा आदि बैठक में मौजूद रहे। संचालन प्रवेश कुमार ने किया। अध्यक्षता सुरेश पाल तोमर ने की सभी दस्तावेज लेखकों ने जल्द चुनाव कराने की घोषणा की। इस मौके पर एडवोकेट धिर सिंह तोमर ने कहा कि दस्तावेज लेखकों का चुनाव बड़े शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। सभी दस्तावेज लेखक इस चुनाव में अपनी भूमिका निभाने का काम करें।



## एक नजर

# जनपद में हर मतदान बूथ पर विशेष ड्राइव आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद में हर मतदान बूथ पर विशेष ड्राइव आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम दर्ज करना और मतदाता सूची को शुद्ध बनाना था। प्रत्येक बूथ पर बीएलओ मौजूद रहे, जहां लोगों ने अपना नाम वोटर लिस्ट में खुद जांचा, नाम नहीं होने पर फॉर्म-6 भरकर नया वोटर बने, नाम, पता या उम्र में गलती होने पर फॉर्म-8 से तुरंत सुधार करवाया, और अगर किसी का नाम हटवाना था तो फॉर्म-7 भी वहीं मिला। ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल के स्वयंसेवकों ताहिर अब्बास, इनाम उल हसन, सपा नेता डा सगीर राणा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया और लोगों की सहायता की गई। इस अभियान के माध्यम से लोगों को अपने मतदाता अधिकार के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने नजदीकी बूथ पर जाकर अपना नाम जांचने और जरूरत हो तो तुरंत सुधार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं 18 वर्ष के नागरिक का फॉर्म-6 भरकर बनाया मतदाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने रविवार को जनपद में मतदाता सूची पठन कार्यक्रम के दौरान स्वयं अपने हाथों से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एक नागरिक का फॉर्म-6 भरकर उसे मतदाता के रूप में पंजीकृत किया।

जिलाधिकारी की इस पहल ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवयुवकों से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाए



रखने में प्रशासन का सहयोग करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिक. ारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में आज 18 जनवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का पठन कर नागरिकों को सुनाया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया तथा स्वयं नागरिकों के आवेदन पत्रों में पाई गई त्रुटियों को ठीक कराया। उन्होंने मौके पर उपलब्ध फार्म-6, 7 एवं 8 के माध्यम से मतदाता नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ERO), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका. रियों (AERO), बीएलओ सुप. रवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की तथा भ्रमण कर पूरे कार्यक्रम की सतत निगरानी की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।

# पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना खेकड़ा पुलिस ने टयूबवेल से सामान चोरी की दो अलग-अलग शिकायतों का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार पहली शिकायत 17 दिसंबर 2025 को संजय धामा पुत्र केहर सिंह, निवासी खेकड़ा द्वारा दर्ज कराई गई थी, जबकि दूसरी शिकायत सुंदर पुत्र अतर सिंह, निवासी खेकड़ा ने दी थी। दोनों ही मामलों में टयूबवेल से सामान चोरी किए जाने का उल्लेख था। इन शिकायतों के आधार पर थाना खेकड़ा पर बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इन दोनों मामलो में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से टयूबवेल से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया, जिसमें 03 कट-आउट (टूटे हुए), 01 प्लास, 01 पाना तथा करीब 20 किलोग्राम कटी हुई केबल शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अरसालान उर्फ हरसलान पुत्र इम्तियाज, निवासी लाइनपार प्रेमपुरी कस्बा व थाना खेकड़ा, जावेद पुत्र बल्लू, निवासी वार्ड नंबर 07 शेखपुरा, आकिल उर्फ ढोलू पुत्र हाजी हसन, निवासी वार्ड नंबर 17 शेखपुरा तथा धर्मेंद्र उर्फ रोहित पुत्र हरपाल, निवासी वार्ड नंबर 17 मोहल्ला शेखपुरा कस्बा व थाना खेकड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चारों अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव थानपुर के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के शहर रुद्रपुर के दिनेश पुर निवासी पवन कुमार रविवार को किसी काम से बाइक के द्वारा बरेली जा रहे थे।दोपहर के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव थानपुर के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही अनियंत्रित कार की चपेट में आकर वह गंभीर घायल हो गए।प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक रुककर घायल पवन कुमार को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया। जहां इलाज के दौरान युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# गांव कुरतरा के प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ ने दी मतदाता सूची की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को गांव कुरतरा के प्राथमिक स्कूल में लगाया गए मतदाता बूथ 400,401,402,403 का जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह ने निरीक्षण कें दौरान बीएलओ से ली जानकारी। बीएलओ सुमन गंगवार, सृष्टि गंगवार, राकेश बाल्मीकि,सुजाता सागर ने उन्हें बताया रविवार को चारों बूथ पर करीब 7 लोगों ने नाम संशोधन और करीब 80 लोगों ने नए वोट बनाने के लिए आवेदन किए है। बताया अगले 6 फरवरी तक यह कार्य चलेगा।तेजेश्वरी सिंह ने बीएलओ और शक्ति संयोजक उमेश कुमार साहू से अधिक से अधिक पात्र वोट बनवाने की अपील की।जिससे हर कोई अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सके।

# संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं से किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** कैडवा गांव में रविवार को आजाद समाज पार्टी का सदस्यता कार्यक्रम एवं कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन जन में प्रचारित कर संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं से आहवान किया।

रवि सिंह के आवास पर हुए सम्मेलन में मुख्य अतिथि मेरठ मंडल सह प्रभारी डा.इमरान मलिक ने कहा कि आसपा समाज के गरीब, पिछड़े व वंचितों की हितैषी है। पार्टी अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर एडवोकेट समाज के सब वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का आहवान किया।



जिला प्रभारी रणबीर देशवाल ने कहा कि समाज के दबे कुचले लोगों का शोषण न हो इसके लिए सांसद चंद्रशेखर आजाद कार्य कर रहे हैं। महासचिव राहुल एडवोकेट, सचिव राधे आर्य, प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह, विकास मौर्य व प्रताप सिंह ने विचार रखे। अनिल शंकर चौधरी के संचालन में हुए सम्मेलन में संयोजक रोकी सिंह, जयकरण, अनिल प्रधान, सईद प्रधान व कमल कुमार ने भी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

# कैंडल मार्च कर दी सोनू कश्यप का श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में रविवार को महर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट द्वारा नगर के कोताना रोड पर बैठक करके सोनू कश्यप को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकाला मेरठ में हुए सोनू हत्याकांड को पर गहरा दुख प्रकट किया गया। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा कैंडल मार्च में वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट दीपक शर्मा ने कहा कि सोनू कश्यप की हत्या साजिश के तहत की गई है। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा के दौरान हत्याकांड की निंदा की श्रद्धांजलि सभा से पूर्व कोतवाली प्रभारी बडौत मनोज कुमार चाहल पुलिसफोर्स के साथ दीपक शर्मा एडवोकेट के कार्यालय पर पहुंचे उन्होंने कैंडल मार्च निक. ालने से मना कर दिया तो लोगों ने



वही 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च कार्यालय पर ही निकाला। सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना की। इस मौके पर रविंद्र कश्यप रमेश कश्यप आजाद कश्यप राजकुमार कश्यप प्रवीण कश्यप जितेंद्र कश्यप राधिका कश्यप बाबूराम कश्यप वीरेंद्र स्वामी हेमचंद जैन नकुल शर्मा सुनील पहलवान अनिल कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# विजेता खिलाड़ियों का समाजसेवी ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** यूपी के एल व नैशनल खिलाड़ियों का किया गया भव्य स्वागत नोएडा में चल रही यूपी के एल लीग द्वर्तीय सीजन में काशी किंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ द्वारा बताया गया कि इस टीम के ओरनर कुलवंत बालियान और टीम कोच नरेन्द्र सिंह जिला कबड्डी सचिव बागपत व विजेता खिलाड़ी यूपी के एल काशी किंग ने लखनऊ लायंस को 38 - 32 के कड़े स्कोर के साथ रोमांच मुकाबले के साथ फाइनल का खिताब हासिल किया जिसमें सुमित तोमर मलकपुर, विक्रांत तोमर मलकपुर, लक्ष्य तोमर बिज़रोल का ढोल नगाड़ों के साथ शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत



में भव्य स्वागत किया गया। साथ ही साथ यूपी टीम से तेलांगना में चल रहे राष्ट्रीय स्तर अंडर 17 (नैशनल) पर यूपी टीम ने राजस्थान के साथ फाइनल मुक. ाबला खेल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें बागपत जिले के शुभम राजपूत गांव बिलौचपुरा को बेस्ट रेडर के रूप में चुना गया व विजय कुमार मलकपुर का भी अच्छा प्रदर्शन रहा व वंश तोमर बड़ौली, विजय कुमार शर्मा ने भी उत्तराखंड टीम से प्रतिभाग कर अपना अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिश तोमर वाजिदपुर ने भी अंडर 19 में हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय स्तर (नैशनल) पर अपना अच्छा प्रदर्शन किया। इन सभी खिलाड़ियों ओर कोच का शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन डा. महताब अली पुट्ठी ने फीता काटकर किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रंजन तोमर पुत्र डा. अजय तोमर पूर्व विधायक छपरौली विधानसभा, एडवोकेट जयवीर सिंह तोमर ,ऋषिपाल प्रधान , डा. गौरव बड़ौत , बृजपाल चौधरी , नरसिंह गुराना ने अपना आशीर्वाद विजेता खिलाड़ीयो को दिया जिसमें एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, शौकेंद्र सिंह उर्फ काला, वीरेंद्र मास्टर , सोनू प्रधान , सतेंद्र बरवाला CISF, ऋषि प्रधान पुट्ठी, लाखन सिंह उर्फ काला, अजयवीर सिंह वेदवान सुनील ककोर, राकेश सिंह सुमित तोमर, दीपक तोमर , प्रदीप उर्फ छोटू, आदि उपस्थित रहे।

# 27 जनवरी को पूरनपुर में होगा भव्य हिन्दू सम्मेलन

'kkg VkbEl loknnkrk

i|jui|jA राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जातिगत भेदभाव भूलाकर सामाजिक समरसता, एकता तथा सामा. जिक चेतना की भावना का निर्माण करना है, इसी कड़ी में नगर पूरनपुर में 27 जनवरी दिन मंगलवार को विराट श्री राम जानकी हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना तय हुआ है जिससे पूर्व जन जागरण हेतु 21 जनवरी दिन बुधवार को विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

जो कि पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आसाम रोड से प्रारंभ होकर कोतवाली रोड होते हुए, ब्लाक चौराहा,स्टेशन चौराहा से तिरंगा चौक से पकड़िया, बंडा रोड घुंघचिहाई चौराहा होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर समापन के होगा। आयोजकों ने हिंदू जनमानस से अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महामंडलेश्वर भैया दास जी महाराज श्री बालाजी धाम आश्रम दिल्ली बागपत रोड वाले उपस्थित रहेंगे।

# दो चोरी के मामलों का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, घरेलू सामान, गैस सिलेंडर, बैटरियां और चांदी के बर्तन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 17 जनवरी को मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी रुखसार पत्नी फहीम अहमद ने स्योहारा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से गैस सिलेंडर, बैटरियां, पीतल व सफेद धातु के जेवर, नकदी और घरेलू बर्तन चुरा लिए थे। उसी दिन ग्राम कुरी बांगड़ निवासी चांद बाबू ने भी अपने कोल्हू से इन्वर्टर और बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट लिखवाई थी। इन दोनों मामलों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान, स्योहारा पुलिस ने फरमान पुत्र अशरफ और शानू उर्फ शहनवाज पुत्र अकरम को गिरफ्तार किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोहरे में हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट

## अनियंत्रित होकर बस व ऑटो गिरे सड़क किनारे गहरी खाई में, हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह करीब नौ बजे नेशनल हाईवे-9 (मुरादाबाद रोड) पर घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो को बचाने के प्रयास में एक बस अनियंत्रित हो गई, इसी दौरान दो ऑटो भी आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद बस और ऑटो सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरे। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ मीटर आगे तक देख पाना मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान अचानक सामने आए ऑटो को बचाने की कोशिश में बस चालक ने नियंत्रण खो दिया। पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी संतुलन नहीं संभाल सके और टकराव के बाद खाई में जा गिरे। इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की आशंका जताई गई है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य के लिए क्रेन मंगवाई गई और खाई में गिरे वाहनों को बाहर निकालने का कार्य शुरू कराया गया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को घायलों के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। हादसे के चलते कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सुचारु कराया।



# विवाहिता को धमकाने वाले पति पर हुआ मारपीट और दहेज का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव ककराना निवासी एक विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति के खिलाफ मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने ससुराल पक्ष पर वर्षों से दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जानलेवा हमले का प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता दीपिका राणा पुत्री रामअवतार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2013 में बागपत जनपद के गांव मितली निवासी शेखर पुत्र राजेंद्र के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। विवाहिता का आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व पति और ससुरालजनों ने उसे जहर देकर जान से मारने का प्रयास किया था। गंभीर हालत में उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बाद उसकी जान बच सकी। इस घटना के बाद से वह अपने दोनों बच्चों के साथ धौलाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर जीवन यापन कर रही है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति लगातार फोन के माध्यम से उसे धमकियां दे रहा है। 15 जनवरी की शाम को पति द्वारा हापुड़ आकर उसे और बच्चों को जान से खत्म करने की धमकी दी गई, जिससे वह और उसका परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपों की सत्यता की पड़ताल के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बड़ा हादसा, स्विफ्ट पलटी, अर्टिगा भिड़ी पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार सुबह हाफिजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। जेएमएस स्कूल के सामने अचानक दृश्यता कम होने से एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गई। पीछे से आ रही अर्टिगा कार उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

जानकारी के अनुसार स्विफ्ट कार दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही थी। कार चालक की पहचान बुलंदशहर के स्याना रोड निवासी प्रशांत शर्मा के रूप में हुई है। वाहन में गाजियाबाद के संजय नगर निवासी विनोद पांडे (52), उनके पुत्र दीपचंद पांडे और पुत्रवधू दीपा पांडे सवार थे। हादसे में स्विफ्ट कार में मौजूद सभी लोग घायल हो गए। स्विफ्ट के पलटते ही पीछे से आ रही अर्टिगा कार उससे टकरा गई, जिसे बरेली के पुराना शहर निवासी राजा खान चला रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है और वे खतरे से बाहर हैं। हाफिजपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारु कराया गया। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ने कोहरे के मौसम में वाहन चालकों से सतर्कता बरतने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है।



# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि, गढ़मुक्तेश्वर घाटों पर एसपी का सघन निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा स्नान पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रजघाट और आसपास के प्रमुख घाटों का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घाटों पर तैनात पुलिस बल की स्थिति, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग करने और भीड़ अधिक होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। एसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे और आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और घाटों पर आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि मौनी अमावस्या का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके।



# पिलखुवा में युवाओं को वोटर बनने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पिलखुवा में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर नवोदय युवा समिति ने व्यापक अभियान चलाया। समिति के कार्यकर्ताओं ने मोहल्ला मंडी, अशोकनगर और रामपुरा रोड क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का महत्व समझाया। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाला प्रत्येक नागरिक मतदाता बनने का पात्र है। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने जानकारी दी कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए फार्म छह, सात और आठ जमा करने की सुविधा उपलब्ध है। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे फार्म छह भरकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं नाम में संशोधन के लिए फार्म आठ और आपत्ति दर्ज कराने के लिए फार्म सात का उपयोग किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं ने लोगों को बूथ लेवल अधिकारी के पास उपलब्ध प्रपत्रों की जानकारी भी दी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय रहते आवेदन करने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से नए युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे आने वाले चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



# यूथ क्लब ने 1 रन से छीनी जीत, अगले दौर में एंट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ गंगानगरी के ऐतिहासिक बारादरी मैदान में राधे क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह और जोश के साथ हुआ। उद्घाटन मुकाबले में यूथ क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीवन एकादश को रोमांचक मुकाबले में महज एक रन से पराजित कर अगले चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच के दौरान मैदान पर खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन सोना सिंह, पालिका सभासद विनय यादव और समाजसेवी बोबी आजाद ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन अवसर पर मैदान पर सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन सोना सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी कई सामाजिक बुराइयों की चपेट में आ रही है। ऐसे में खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देते हैं और समाज में सौहार्द का संदेश देते हैं। उद्घाटन मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंतिम ओवर तक चले इस रोमांचक मैच में यूथ क्लब ने संयम और रणनीति के साथ खेलते हुए एक रन से जीत दर्ज की। जीत के साथ ही टीम ने अगले दौर में प्रवेश कर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न टीमें भाग लेंगी और आने वाले दिनों में कई रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। खेल प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



**एक नजर**

## ऑपरेशन तलाश में चार वांछित आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वारंटियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया है।

थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना और सटीक रणनीति के तहत अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को उनके आवास से पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद सभी वारंटियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इमरान पुत्र इकराम शामिल है, इसके अलावा पुष्पेंद्र पुत्र विजेंद्र को जुआ अधिनियम से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। आदर्श नगर निवासी वीरेंद्र पुत्र सुखबीर को आर्म्स एक्ट के एक प्रकरण में पकड़ा गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून से बचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जनपद में अपराध पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

## योद्धा माँ: जब एक औरत ने हार मानने से इन्कार कर दिया

उस दिन मैंने एक साधारण स्त्री नहीं देखी थी, मैंने साहस, संघर्ष और ममता से बनी एक जीवित मिसाल को देखा था। रंग गोरा था, कद-काठी सामान्य, पर आत्मबल इतना प्रचंड कि वातावरण की हवा तक ठहर सी गई थी। सच कहा गया है कि जब स्त्री संकल्प ले ले तो बड़े से बड़ा संकट भी उसके सामने कमजोर पड़ जाता है।



सोनी यादव

सर्दियों की हल्की धूप में मैं अपनी बाजार पहुंची ही थी कि अचानक मोबाइल पर सूचना मिली कि कॉलोनी में पुलिस और वकीलों की भीड़ जमा है। मन में आशंका और घबराहट दोनों ने एक साथ घर कर लिया। बिना देर किए मैं कॉलोनी की ओर लौट पड़ी। गली में पहुंचते ही देखा कि कई घरों तक भीड़ फैली हुई थी। पुलिसकर्मी, अधिवक्ता और आसपास के लोग एक मकान के सामने जमा थे। उसी भीड़ के बीच एक अकेली स्त्री अपने तीन बच्चों के साथ खड़ी थी, जिसके चेहरे पर भय नहीं बल्कि अद्भुत साहस की चमक थी।

न्यायालय के आदेश के आधार पर मकान खाली कराया जा रहा था। सामान बाहर निकाला जाने लगा। खाट, बर्तन, कपड़े और घर की छोटी-छोटी यादें सड़क पर बिखरती जा रही थीं। उस दृश्य ने पूरे वातावरण को भारी कर दिया। उस स्त्री ने पहले साहस के साथ परिस्थिति का सामना किया। उसका स्वर गूंज रहा था, आंखों में आग थी और हौसले में कोई कमी नहीं थी। पर जैसे ही उसकी नजर अपने बच्चों पर पड़ी, वही आग पिघलकर करुणा बन गई।

वह स्त्री एक मां थी, जो अपने बच्चों के भविष्य की चिंता में भीतर ही भीतर टूट रही थी। पति लंबे समय से बीमार था और वह स्वयं छोटी सी नौकरी के सहारे परिवार चला रही थी। बच्चों के मासूम चेहरे उसके हृदय को बार-बार झकझोर रहे थे। घर उजड़ रहा था, लेकिन वह मां अपने बच्चों के सामने कमजोर नहीं पड़ना चाहती थी। वह स्वयं टूटकर भी उन्हें मजबूत बनाने का प्रयास कर रही थी।

जब घर का अधिकांश सामान बाहर आ गया, तब उसकी अंतिम आशा भी डगमगाने लगी। फिर भी उसने धैर्य नहीं छोड़ा। सबसे छोटे बच्चे ने दीवार पर टंगी भगवान की तस्वीर को उतारा और उसे बड़े आदर से संभाल लिया। यह दृश्य बताता था कि संकट के क्षणों में भी मनुष्य ईश्वर और आशा का सहारा नहीं छोड़ता।

मां ने उस तस्वीर को खुले आसमान के नीचे बिखरे सामान के बीच स्थापित किया और स्वयं दीवार से टिककर बैठ गई। उसका शरीर थक चुका था, आंखें आंसुओं से भरी थीं, पर भीतर का संकल्प अब भी जीवित था। उसने बच्चों को यह अहसास नहीं होने दिया कि वह हार चुकी है। वह मुस्कान ओढ़े अपने दुख को छिपाती रही।

कुछ ही देर में वह घर, जो कभी हंसी और सपनों से भरा था, खाली दीवारों और सन्नाटे में बदल गया। मां अपने तीनों बच्चों को लेकर सड़क किनारे बिखरे सामान के बीच बैठ गई। वह रो रही थी, पर उस रोने में भी शिकायत नहीं, बल्कि संघर्ष की स्वीकार्यता थी। वह जानती थी कि आज उसका घर गया है, लेकिन हिम्मत अभी बाकी है।

मैं यह सब देखकर भीतर से गई। चाहकर भी कुछ नहीं कर सकी। यह असहायता जीवन की सबसे भारी पीड़ा बनकर मन में उतर गई। जब घर लौटकर पुनः बाजार जाने निकला तो पैरों की गति धीमी थी, लेकिन मन की गति तेज। बार-बार वही दृश्य आंखों के सामने घूम रहा था। वह मां, वह बच्चे और वह उजड़ा हुआ घर।

उस दिन मैंने जीवन का एक गहरा सत्य समझा। योद्धा केवल रणभूमि में नहीं होते, वे घरों में भी होते हैं। वे मां के रूप में होते हैं, जो अपनी पीड़ा को छिपाकर बच्चों के लिए ढाल बन जाती हैं। संघर्ष इंसान को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे भीतर से मजबूत बनाता है। जिन बच्चों ने अपनी मां को विपरीत परिस्थितियों में खड़ा देखा है, वे भविष्य में कभी हार स्वीकार नहीं करते।

आज भी मन से एक ही प्रार्थना निकलती है कि उस मां के बच्चे अवश्य सफल होंगे। क्योंकि उन्होंने गरीबी नहीं देखी, उन्होंने साहस देखा है। उन्होंने टूटना नहीं सीखा, उन्होंने लड़ना सीखा है। ऐसे ही संघर्ष से भविष्य के मजबूत नागरिक और सशक्त समाज का निर्माण होता है।

# विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन, दूर दराज से पहुंचे हजारों सनातनी

'kkg VkbEl laoknnkrk

ihyhHkhrA रविवार को माता यशवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन समिति, पीलीभीत के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं दिव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इससे पूर्व मातृशक्ति द्वारा विशाल टॉकीज़ से मंदिर प्रांगण तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन मठ-मंदिरों के प्रमुखों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं शंखनाद के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शेमराक किरण स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ऑपरेशन सिन्दूर पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। अविनाश चंद्र मिश्रा की ओजस्वी कविता ने पूरे सदन में ऊर्जा का संचार किया। अंकुर मौर्य एवं मनोज राणा द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव तथा वीर शिवाजी बाल संस्कार केंद्र के बच्चों की देशभक्ति कविता ने उपस्थित जनसमूह को तालियों से गूंजायमान कर दिया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भारत माता का चित्र स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किया गया। सम्मेलन की विशिष्ट अतिथि राष्ट्र सेविका समिति, बरेली की प्रचार-प्रसार प्रमुख पूजा दास ने बाल संस्कार एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी एवं सामाजिक समरसता को जीवन में उतारने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख नरेश विकल जी ने संघ की शताब्दी यात्रा की पृष्ठभूमि में संगठित हिंदू समाज एवं समर्थ भारत की संकल्पना पर विस्तृत बौद्धिक प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जाति-पंथ भिन्न हो सकते हैं, परंतु राष्ट्र और धर्म के प्रश्न पर हम सभी को एक मंच पर आना चाहिए। मुख्य अतिथि श्रीधाम वृंदावन से पधारे परम पूज्य कथावाचक सुनील कौशल जी महाराज ने हिंदुत्व जागरण एवं हिंदू संगठन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उत्तराखंड भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की और हिंदू समाज को संगठित व सशक्त होने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्षता बड़ा गुरुद्वारा के प्रधान सेवक सरदार शेर सिंह ने कहा कि आज अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद देश को तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे में विराट हिंदू सम्मेलन जैसे आयोजनों में परिवार सहित सहभागिता कर हम सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कुशल संचालन दुर्गेश आर्य ने सुंदर तरीके से किया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक ओमप्रकाश, जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, नगर प्रचारक कुलदीप कुमार, जिला कार्यवाह डालचंद वर्मा, राजेश बाजपेई, स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना, अमित गुप्ता, केशव वैश्य, अंशुमान तिवारी, नरेश वर्मा, संजीव कुमार, संतोष मिश्रा, रामानुज अवस्थी, पारस कुमार, अरविंद, महेश पाठक, प्रवीण मोहन अग्रवाल सहित हजारों सनातनी उपस्थित रहे।




## मौनी अमावस्या पर खिचड़ी भोज व कंबल वितरण

ijuijA शेरपुरकलां धनारा घाट रोड स्थित सईद बाग फार्म हाउस पर रविवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद जैगम रज़ा खां के पुत्र अरमान खान एवं बाबर खान द्वारा खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गंगा स्नान के शुभ अवसर पर फार्म हाउस पर देसी घी की खिचड़ी तथा हरे धनिये की चटनी बनवाकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। भोजन ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं ने अरमान खान एवं बाबर खान के उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआएं कीं।

# शारदा नदी में स्नान के दौरान एक युवक सहित दो बच्चे डूबे, दो के शव बरामद

ijuijA मौनी अमावस्या के अवसर पर धनाराघाट स्थित शारदा नदी में स्नान कर रहे दो मासूम गहरे पानी में चले गए, जिससे मौके पर खलबली मच गई। गोताखोरों द्वारा नदी में डूबे दोनों बच्चों की तलाश की जा रही थी।

इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति भी नदी में डूब गया। एक बच्चे और एक व्यक्ति का शव नदी से बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे बच्चे की तलाश जारी है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। गांव चंदिया हजारा निवासी सुमित पुत्र सुशांत और सौरभ पुत्र निताई भी अपने परिजनों के साथ मेले में गए थे।

इस दौरान दोनों शारदा नदी में स्नान करने लगे। पानी का तेज बहाव होने के कारण दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तत्काल गोताखोरों को बुलाकर तलाश कराई गई। बच्चों की तलाश के दौरान एक व्यक्ति भी नदी में डूब गया। चंदिया हजारा के प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बच्चे और एक व्यक्ति का शव नदी से बाहर निकाला।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

'kkg VkbEl laoknnkrk

ihyhHkhrA जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के ललित हरि आयुर्वेदिक कॉलेज, एल आई यू कार्यालय, पुरानी तहसील, उपाधि कॉलेज, प्राइमरी स्कूल सैदपुर, प्राथमिक विद्यालय भमौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय न्यूरिया हुसैनपुर, कंपोजिट प्राइमरी स्कूल न्यूरिया, नेहरू इंटर कॉलेज गुलड़िया भिंडारा सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया। मतदेय स्थलो के निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ से सुबह से प्राप्त किये गए फॉर्म 6 आवेदनों के संबंध में जानकारी ली गई।

इसके साथ बीएलओ द्वारा ऑनलाइन किये गये फार्मो को देखा।

उन्होंने बीएलओ को महिला मतदाताओं के साथ-साथ 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा मतदाता बूथ पर मतदाता सूची में जोड़ने से न छुटे।

जनपद के प्रत्येक बूथ पर आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से बूथ पर पहुंचकर अपने नाम की जांच करने की अपील की निरीक्षण के दौरान बीएलओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 20 मोबाइल फोन बरामद, दो स्नेचर गिरफ्तार

**पुलिस ने एक बाल अपराधी को भी पकड़ा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** ई-रिक्शा पर बैठी सवारियों और राहगीरों का मोबाइल झपटकर फरार होने वाले बाइक सवार तीन बदमाशों को सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक, लूट और चोरी के 20 मोबाइल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात सेक्टर-39 थाने की पुलिस बोटेनिकल मेट्रो स्टेशन के सामने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से टीम को सूचना दी कि थानाक्षेत्र स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे तीन युवक बाइक लेकर खड़े हैं। सभी लूट के मोबाइल को बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों को देखते ही बाइक सवार तीनों संदिग्ध भागने लगे। टीम ने पीछा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों ही शातिर मोबाइल लुटेरे हैं। बदमाशों की पहचान सदरपुर के खजूर कॉलोनी निवासी अर्जुन कुमार और सेक्टर-128 स्थित सुल्तानपुर गांव निवासी रोबिन त्यागी के रूप में हुई है। एक अन्य आरोपी के नाबालिग होने के कारण पुलिस की ओर से उसकी पहचान को उजागर नहीं की गई है। नाबालिग छलेरा गांव का रहने वाला है। 22 वर्षीय अर्जुन और 28 वर्षीय रोबिन का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। बरामद मोबाइल में कई की लूट शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्र में की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लूट का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वह अपने पास तमंचा रखते हैं। कई बार तीनों वारदात के दौरान राहगीरों को धक्का देकर घायल भी कर देते हैं। लूट के मोबाइल को बेचकर बदमाशों ने दो हजार रुपये की नगदी भी अर्जित की थी। इसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

**राहगीरों को ही सस्ते दाम पर बेचते थे लूटा हुआ मोबाइल:** अर्जुन ने बताया कि लूट के मोबाइल को बेचने का जिम्मा नाबालिग का होता है। वह राहगीरों खास तौर पर कबाड़ियों को चोरी और लूट के मोबाइल बेचता है। अगर किसी मोबाइल की मूल कीमत 50 हजार रुपये के आसपास होती है तो आरोपी उसे महज छह हजार रुपये में बेच देते हैं। अन्य मोबाइल को भी बेहद कम दामों में बेचा जाता है। बेचने के दौरान आरोपी लोगों को बताते हैं कि उनके परिवार का एक सदस्य बीमार है। उसका उपचार कराने के लिए मोबाइल समेत अन्य सामान बेचना पड़ रहा है। ऐसे में राहगीर आरोपियों की बातों को सच मानकर मोबाइल खरीद लेते हैं।

**बाइक का नंबर प्लेट बदलकर वारदात करते थे:** दबोचे गए आरोपी ज्यादा पढ़े लिखे नहीं हैं। तीनों ने महज पांचवीं तक की पढ़ाई की हुई है। मोबाइल लूट को ही गिरोह के सदस्यों ने अपना पेशा बना लिया है। बताया जा रहा है कि अर्जुन पूर्व में भी जेल जा चुका है। सबसे पहले आरोपी रोबिन त्यागी ने वारदात करनी शुरू की। बाद में उसने अर्जुन और नाबालिग को अपने साथ लिया। वारदात में जिस बाइक का इस्तेमाल करते थे, वह आरोपी अर्जुन के मामा की है। बीच में या पीछे बैठा बदमाश ही मोबाइल लूट की वारदात करता था। जब घटना करनी होती थी तो गिरोह के बदमाश बाइक की नंबर प्लेट बदल लेते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सही नंबर प्लेट को फिर से लगा लिया जाता था।

**तीन साल पहले नौकरी करने आया था आरोपी:** अर्जुन मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है। करीब तीन साल पहले वह नौकरी करने नोएडा आया था। बाद में उसने अपराध का रास्ता चुन लिया। तीनों ही आरोपियों के परिजनों को उनके द्वारा किए जा रहे अपराधों की जानकारी दे दी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपी को तमंचा कहां से मिला इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। दबोचे गए आरोपी नशे के आदी भी बताए जा रहे हैं।

# ग्रेनो में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए सर्वेक्षण होगा

> ग्रेनो सेंट्रल-ईस्ट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निविदा जारी करने से पूर्व सक्षम कंपनियों के साथ बैठक की गई। कंपनियों ने सुझाव देने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। सुझाव मिलने के बाद निविदा जारी की जाएगी।
>
> **-रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत ग्रेटर नोएडा में सड़कों की मैनुअल और मशीन से सफाई के साथ घर- घर से कचरा उठाने की योजना में रुचि दिखाने वाली अनुभवी कंपनियां इलाके का सर्वेक्षण करने के बाद ही अपना सुझाव देंगी। स्थलीय निरीक्षण से कार्य की अनुमानित लागत का आकलन भी करेंगी। निविदा जारी करने से पूर्व बीते दिनों हुई बैठक में कंपनियों ने इसके लिए प्राधिकरण से दो सप्ताह का समय मांगा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सफाई की नई व्यवस्था लागू करने के लिए सक्षम फर्मों यानी कंपनियों की तरफ से दिए गए सुझावों और अनुमानित लागत का आकलन करने के बाद निविदा जारी की जाएगी।

उम्मीद है कि यह प्रक्रिया अगले एक से दो माह के अंदर पूरी कर ली जाएगी। प्रथम चरण में ग्रेटर नोएडा सेंट्रल और ग्रेटर नोएडा ईस्ट के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा। इसे तीन जोनों में बांटा गया है। जोन- 3,4 और 5 में सेक्टरों के साथ सूरजपुर-कासना मार्ग, 105 मीटर चौड़ी सड़क और नोएडा एक्सप्रेसवे के हिस्से को भी शामिल किया गया है। इस इलाके में वर्तमान में काम कर रही एजेंसी का समय पूरा होने वाला है। दरअसल, एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत एक अनुभवी कंपनी की तलाश के लिए प्राधिकरण ने करीब दो साल पहले 242 करोड़ रुपये की निविदा जारी की थी। पांच साल के लिए कंपनी का चयन किया जाना था। कंपनी द्वारा निविदा राशि 242 करोड़ रुपये से अधिक लगभग 350 करोड़ रुपये की मांग की जा रही थी। इसके चलते बात नहीं बन पाई। इस बार प्राधिकरण निविदा जारी करने में काफी सावधानी बरत रहा है।

बता दें कि शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी लगभग 2000 कर्मियों पर है। पांच कंपनियां जिम्मेदारी संभाल रही हैं। व्यवस्था को दुरुस्त करना बड़ी चुनौती ग्रेटर नोएडा की साफ-सफाई के मामले में अपनी एक अलग पहचान थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से स्थिति खराब हो गई है। नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होती। सेक्टर के लोग आए दिन शिकायत करते रहते हैं। लोगों का कहना है कि इसकी मुख्य वजह गैर अनुभवी लोगों के पास सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी होना है। साथ ही अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कंपनी है। नई व्यवस्था के तहत एक ही कंपनी सफाई से जुड़ा सारा काम देखेगी।

# हंगामे की भेंट में चढ़ गई जीबीएमः एओए पर दस्तावेज न दिखाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड सोसाइटी में रविवार को जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) का आयोजन किया गया। जीबीएम में एओए व निवासी आमने-सामने आ गए। निवासियों का आरोप है कि एओए की ओर से निवासियों के साथ गलत व्यवहार किया गया। निवासियों ने मेंटेनेंस व सुरक्षा के लिए चयनित एजेंसी में घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने एओए पर दस्तावेज भी नहीं दिखाने का आरोप लगाया है। वहीं एओए की ओर से सारे आरोपों का खंडन किया गया है।

निवासियों ने बताया कि जीबीएम के दौरान पर एओए से जब एजेंसी के चयन की प्रकिया के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बाते बनाना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि हाल ही में पास किए गए एफएमएस टेंडर का पूरा विवरण लोगों को नहीं दिया जा रहा है। टेंडर में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये प्रति माह की एजेंसी को नियुक्त किया गया है। जबकि कम रेट में अन्य एजेंसी काम करने को तैयार थी। उसके बाद भी 5,806 फ्लैट्स में रहने वाले निवासियों के पैसों को बर्बाद किया गया। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

आरोप है कि निवासियों द्वारा पिछली जीबीएम में लिए गए निर्णयों और उनके अनुपालन की जानकारी मांगे जाने पर एओए पदाधिकारी कोई स्पष्ट जवाब देने में असफल रहे। लगभग चार महीने बाद बुलाई गई इस जीबीएम में निवासियों के कई गंभीर और महत्वपूर्ण सवाल थे, लेकिन उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया गया और माइक तक देने से इनकार कर दिया गया। निवासियों के विरोध के बाद एओए के सभी मेंबर्स बिना किसी औपचारिक समापन या निर्णय के जीबीएम छोड़कर चले गए। इसके पश्चात जीबीएम में उपस्थित सभी निवासियों ने सर्वसम्मति से हस्ताक्षर कर एओए को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित किया।

**निवासियों को चोर कहने पर भड़का गुस्साः** बैठक में मौजूद निवासियों का आरोप है कि एओए की ओर से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें चोर कहा गया। इसके साथ ही कहा गया कि निवासी दस्तावेज लेकर भाग सकते हैं। इस बयान से वहां मौजूद निवासी भड़क गए। जिसके बाद काफी देर तक सोसाइटी में एओए के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# इंटरनेशनल साइबर क्राइम का पर्दाफाश

**बेटिंग ऐप के जरिए करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन बेटिंग ऐप पर पैसे लगवाकर ठगी करता था। आरोपी की पहचान नेपाल निवासी अनूप श्रेष्ठ के रूप में हुई है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त गोपनीय इनपुट के आधार पर रविवार को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी सेक्टर-1, नोएडा स्थित MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD कंपनी के द्वितीय तल पर 1XBET ऑनलाइन बेटिंग ऐप का अवैध कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 सर्वर, 04 कंप्यूटर सीपीयू, 03 राउटर, 10 पीएनटी फोन, 01 अंग्रेजी/रूसी भाषा का की-बोर्ड और 01 सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी और कंपनी के मालिकों द्वारा अब तक करोड़ों रुपये की ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी जुटाई रही है।

एडीसीपी शेव्या गोयल ने बताया कि 1XBET ऑनलाइन बेटिंग से संबंधित एक मामला जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर साइबर थाने में दर्ज हुआ था। इसकी जानकारी i4C के माध्यम से नोएडा पुलिस को दी गई थी। i4C की तकनीकी-कानूनी सहायता से ऑफिस को ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी भारत में प्रतिबंधित ऑनलाइन बेटिंग ऐप के जरिए भारतीय नागरिकों को जुआ खेलने के लिए प्रेरित करता था। वह ग्राहकों के पैसे जमा/निकासी के लिए टेक सपोर्ट के नाम पर ठगी करता था। ये पैसे कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित MULE ACCOUNT में लिए जाते थे और फिर मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए जाते थे, जिससे भारत सरकार के राजस्व को नुकसान होता था।

**पूरा काम ऑनलाइन सर्वर पर किया जा रहा थाः** बरामद सर्वर सीपीयू में ठगी से संबंधित डेटा मौजूद है। 1XBET ऐप के संबंध में भारत के विभिन्न राज्यों में कई मुकदमे दर्ज हैं। यह एक सत्यापित ऐप नहीं है, बल्कि एक थर्ड पार्टी ऐप है जिसे एपीके फाइल के माध्यम से ब्राउजर से डाउनलोड कर इस्तेमाल किया जाता है। MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD के PT FABLE TECHNOLOGY NUSANTARA साथ एग्रीमेंट की आड़ मे 1XBET को टेक सपोर्ट देने भारत में प्रतिबन्धित ऑनलाइन बेटिंग ऐप की गतिविधि को प्रमोट एवं संचालित किया जा रहा है। जिसका पूरा कार्य ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है।

आरोपी मई 2022 के अन्तिम सप्ताह में नेपाल से दिल्ली आया और उसके बाद में दिल्ली से मास्को (रूस) चला गया। जहाँ आरोपी ने ऑनलाइन प्लेटफार्म HSRU पर जाँब सर्च की, जिसके बाद कॉल सेंटर से ऑपरेटर की जाँब के लिए कॉल आया तो आरोपी 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी के ऑँफिस पहुँचा।

जहां 1XBET ऑनलाइन बेटिंग के काम के सम्बन्ध में अच्छी जानकारी होने पर आरोपी नवम्बर 2022 से मास्को रूस में स्थित 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी में करीब ढाई वर्ष तक काम किया। इसके बाद 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी की रसियन ऑँफिसर लीजा ने आरोपी को दिल्ली भेज दिया।

फिर आरोपी जून 2025 को मास्को से इंडिया आ गया। 1XBET कम्पनी द्वारा पहले आरोपी को REDDY APP की आईडी प्रोवाइड कराकर इंडिया भेजा गया था, दिल्ली (इंडिया) आने के बाद आरोपी को कम्पनी वालो ने REDDY APP के माध्यम से सम्पर्क किया और खुद को दिल्ली के 1XBET कम्पनी का डॉयरेक्टर बताया तथा आरोपी उक्त कम्पनी में काम करने लगा।

## एक नजर

### दादरी और बुलंदशहर रूट पर मेट्रो की मांग

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में आबादी तेजी से बढ़ रही है। लोगों के सुगम आवागमन के लिए गाजियाबाद-दादरी व बुलंदशहर रूट पर मेट्रो के संचालन की मांग की गई है। इस संबंध में आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ आनंद आर्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। डॉ आनंद आर्य का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में बहुत तेजी से मेट्रो का जाल फैल रहा है, जो कि यहां कि बढ़ती आबादी और प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। संस्था की मांग है कि जो क्षेत्र मेट्रो सेवा से वंचित है, वहां के लिए भी योजना बनाई जाए। विशेष तौर पर गाजियाबाद- दादरी- सिकंद्राबाद और बुलंदशहर रूट पर बढ़ती आबादी के कारण मेट्रो आवश्यक है। ताकि सबका साथ सबका विकास के नारे की तर्ज पर इस रूट के आसपास की लगभग 50 लाख की आबादी को परिवहन की बेहतर सुविधा मिल सके।

### सेक्टर-63 की बिल्डिंग में आग, मचा हड़कंप, दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू



**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने की घटना सामने आई। आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल पर लगी थी, जिसे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, आग लगने की घटना सुबह लगभग 6:01 बजे सेक्टर-63 स्थित ई-143 नंबर की ऑफिस बिल्डिंग में हुई। आग की लपटें तेजी से फैलीं, जिससे बिल्डिंग के निचले दो तलों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग को सूचित कर दिया गया था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। अग्निशमन कर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने आग को बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए। लगभग दो गाड़ियों की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

### डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के लिए महापंचायत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-115 स्थित सोरखा खेल मैदान में रविवार को भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में डूब क्षेत्र की 40 कॉलोनियों के लोगों ने बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर महापंचायत की। पंचायत में भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खिलाफ ने कहा कि जिले में रहने वाले हर निवासी को बिजली आपूर्ति देने की विद्युत निगम की जिम्मेदारी है। डूब क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित है। ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरह से आपूर्ति दी जा रही है। इसके लिए लोगों को भारी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आठ फरवरी तक डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने के लिए विद्युत निगम को समय दिया गया है। अन्यथा नौ फरवरी से सेक्टर-16 मुख्य अभियंता परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू दिया जाएगा। साथ ही एनटीपीसी दादरी और नोएडा प्राधिकरण से लंबित अधिकारों की लड़ाई के लिए आने वाले समय में चेतावनी ज्ञापित करते हुए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। डूब क्षेत्र में जल्द बिजली कनेक्शन देने के लिए शहर के विधायक पंजक सिंह भी दो बार लिखित और कई बार मौखिक भी मांग कर चुके हैं। इस पर उन्हें जल्द बिजली कनेक्शन देने का आश्वासन भी मिला है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई।

# गड्ढे में गिरी कार, पिता के सामने बेटे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में घने कोहरे ने एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की जान ले ली। वो अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहा था। यहां एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार को तोड़ते हुए आगे बने बेसमेंट में जा गिरी। ये बेसमेंट खाली प्लॉट में है। जिसमें 70 फीट तक नाले का पानी भरा हुआ था। युवराज की कार इसी में डूब गई। युवराज किसी तरह कार से बाहर निकला। फिर कार के ऊपर चढ़कर उसे मोबाइल फोन से पिता को सारी घटना बताई। पिता ने आनन-फानन डायल-112 पर सूचना दी। खुद भी मौके पर पहुंचे। कंट्रोल रूम से सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह मौके पर पहुंचे। नॉलेज पार्क फायर स्टेशन से दमकल कर्मी भी छोटी- बड़ी क्रेन के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान भी युवराज मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन 80 मिनट बाद युवराज की आवाज आना बंद हो गई। वो कार सहित डूब गया। रेस्क्यू टीम ने इंजीनियर को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। सुबह रेस्क्यू टीम ने युवराज के शव को बाहर निकाला।

**पूरे घटनाक्रम की टाइम लाइनः** 16 जनवरी की रात करीब 12 बजे युवराज मेहता (27) अपनी ग्रैंड विटारा कार से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहा था। सेक्टर-150 मोड़ पर युवराज की कार नाले की बाउंड्री को तोड़ते हुए खाली पड़े मॉल के बेसमेंट में गिर गई। बेसमेंट में 70 फीट तक पानी भरा हुआ था।

युवराज किसी तरह डूबती कार से बाहर निकला। फिर उसने कार के ऊपर चढ़कर 12 बजकर 20 मिनट पर पिता को मोबाइल फोन से सूचना दी। पिता ने तुरंत डायल 112 पर घटना की सूचना दर्ज कराई। सूचना मिलते ही 12 बजकर 50 मिनट पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची थीं। रात 1:15 बजे एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। इस समय तक घने कोहरे की वजह से युवराज की सिर्फ आवाजें ही सुनाई दे रही थी। युवराज करीब दो से ढाई घंटे तक चिल्लाता रहा कि कोई मुझे बचा लो। कार जल्दी ही डूब जाएगी। कोई मुझे बचा लो। लेकिन कोई उसकी मदद नहीं कर सकता। फिर पौने दो बजे के करीब बेसमेंट में भरे पानी में कार समेत युवराज डूब गया। उसकी आवाजें आना बंद हो गईं।

रात करीब 1:45 पर युवक बेसमेंट में डूब गया। 1:55 पर एनडीआरएफ की टीम भी गाजियाबाद से मौके पर पहुंची। सुबह के समय करीब 4:30 युवक के शव को बाहर निकाला गया।

**मौके पर मौजूद डिलीवरी बॉय बोला- मैं कूदा थाः** घटना के चश्मदीद मुनेंद्र, जो एक डिलीवरी बॉय है। उसने बताया कि रात में डिलीवरी करते समय उन्होंने घटनास्थल पर भीड़ देखी। पुलिस भी मौजूद थी। एक लड़का मोबाइल की लाइट जलाकर मदद के लिए चिल्ला रहा था। लेकिन कोई भी व्यक्ति पानी में उतरने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने भी पानी बहुत ठंडा और सरिया होने का हवाला देते हुए पानी में उतरने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मैंने अपनी कमर पर रस्सी बांधकर पानी में उतरने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरा और कोहरा होने के कारण मुझे कुछ भी दिखाई नहीं दिया। मैं सुबह करीब 5:30 बजे तक वहीं रहे, लेकिन तब तक युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर मौत केसः पिता ने दर्ज कराई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 150 के पास बेसमेंट में भरे पानी में कार सहित डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के बाद पिता राज कुमार मेहता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने मामले में बिल्डर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं जिस जगह पर हादसा हुआ है। वहां 50 से अधिक सोसाइटी है। 20 से अधिक सोसाइटी में हजारों लोग रहते भी हैं। यहां कई जगह स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। सड़क भी टूटी हुई हैं। लोगों ने एक से डेढ़ करोड़ रुपये खर्च दो और तीन बीएचके वाले फ्लैट ले रखे हैं। मगर सोसाइटी से निकलने वाले पानी के लिए उचित निकासी की व्यवस्था नहीं है। सोसाइटियों के पीछे से निकलने वाली हिंडन नदी में पानी छोड़ने पर मनाही है। इस कारण बिल्डर की ओर से कई सोसाइटियों से बिना शोधित किए ही पानी को खुले नाले और खाली प्लॉट में छोड़ा जाता है। घटना स्थल के पास पीछे जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं।

**नोएडा प्राधिकरण की उदासीनता पड़ी भारीः** पुलिस को दी तहरीर में राजकुमार मेहता ने कहा कि सेक्टर-150 के निवासियों द्वारा पहले भी नोएडा प्राधिकरण से कई बार नाले के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड लगाने की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आए दिन हादसे होते हैं। लेकिन प्राधिकरण की उदासीनता के कारण सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। इसलिए मामले में संबंधित विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो। जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।

**युवराज का हुआ अंतिम संस्कारः** शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने सफीपुर में नम आंखों से युवराज का अंतिम संस्कार किया। पिता, रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। दोस्तों ने बताया कि युवराज मिलनसार और काम में बेहद अच्छा था। करीब एक साल से गुरुग्राम की कंपनी में काम कर रहे थे।

# महिलाओं ने स्टोर से 17 शर्ट चुराई

**नोएडा।** जीआईपी स्थित जोडियक स्टोर से महिलाएं 17 शर्ट चोरी कर फरार हो गईं। जब स्टोर की सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तब जाकर घटना की जानकारी हुई। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में गाजियाबाद निवासी रोहन कुमार ने बताया कि उनका जीआईपी मॉल में स्टोर है। इसी माह एक जनवरी को शाम पांच बजकर 49 मिनट पर तीन से चार अज्ञात महिलाओं स्टोर के अंदर दाखिल हुईं। अंदर मौजूद कर्मचारियों क ध्यान भटकाकर उन्होंने 17 शर्ट चोरी कर लिए। शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही है। इस मामले में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फुटेज के आधार पर महिलाओं की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना इकोटेक-3 पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

दरअसल, शनिवार रात थाना ईकोटेक-3 पुलिस कच्ची सड़क के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार व्यक्ति नहीं रुके और तेज गति से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया।

आगे रास्ता बंद होने पर कार सवार बदमाश गाड़ी से उतरकर भागे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

घायल बदमाशों की पहचान जियाउल्लाह उर्फ हैदर (निवासी ग्राम छोटा चन्दमोहन, थाना कुंडवाचौदपुर, जिला मोतिहारी, बिहार) और अमन गुप्ता (निवासी मोहल्ला बालकिशन अलीगंज, थाना अलीगंज, जिला एटा) के रूप में हुई है। उनका एक साथी नसीम अली उर्फ रियाज (निवासी ग्राम अर्जुनी सिमरई, थाना राजा का रामपुर, जिला एटा) को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

बदमाशों के कब्जे से एक अर्टिगा टैक्सी कार, तीन अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ये लोग आते-जाते व्यक्तियों और सवारियों को गाड़ी में बैठाकर उनके साथ पैसे और मोबाइल लूटने की वारदातों को अंजाम देते थे। इन बदमाशों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

# कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुत्याना गांव के पास सीआरपीएफ कैंप के पीछे स्थित कबाड़ के एक बड़े गोदाम में रविवार तड़के करीब चार बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में गोदाम में रखा लाखों रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाई गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जिससे ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अमलापुर में 90 फीट बोरिंग से गर्म पानी निकलने पर ग्रामीण हैरान

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** क्षेत्र में इन दिनों एक अजीब और रोचक घटना ने ग्रामीणों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। गांव में स्थित एक बोरिंग से पंप चलाते ही गर्म पानी निकल रहा है। बीते करीब आठ दिनों से बनी इस स्थिति ने ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी कौतूहल और चर्चाओं का माहौल बना दिया है।

चौसाना क्षेत्र के अमलापुर में ग्रामीण कपिल ने 90 फीट गहरी बोरिंग कराई हुई है, जिसमें नल डाला गया है और उसी के साथ सबमर्सिबल मोटर भी लगी हुई है। मोटर चालू करते ही बोरिंग से निकलने वाला पानी सामान्य तापमान की तुलना में काफी गर्म महसूस होता है, जबकि आमतौर पर इतनी गहराई से ठंडा पानी निकलता है। इसी कारण यह मामला पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। कपिल का कहना है कि पहले बोरिंग से सामान्य पानी आता था, लेकिन पिछले करीब आठ दिनों से पानी गर्म निकल रहा है। घरेलू उपयोग के दौरान पानी इतना गर्म होता है कि नहाने के लिए ठंडा पानी मिलाना पड़ रहा है। ग्रामीण सुखरम पाल, जयवीर, वीरेंद्र सिंह, सुदेश, नरेश, रविंदर, कृष्ण पाल और ओम सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में पहले कभी इतनी कम गहराई की बोरिंग से इतना गर्म पानी निकलते नहीं देखा। उनका मानना है कि संभवतः बोरिंग के दौरान जमीन के भीतर किसी विशेष जल स्रोत या गर्म परत से संपर्क बन गया है। घटना की जानकारी फैलते ही रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के गांवों के लोग बोरिंग को देखने पहुंच रहे हैं।

## साइबर सेवा केंद्र ने पीड़ित के खाते से ठगी गई रकम कराई वापस

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के खाते से अज्ञात ठग ने ऑनलाइन एक लाख रूपए का फ्रॉड कर लिया था। पीड़ित ने साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। साइबर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इस्लाम पुत्र करमुद्दीन ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया था कि गत 2 नवंबर 2025 को पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा एक लाख रूपए ऑनलाइन फ्रॉड कर लिए गए हैं। पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित के खाते से ठगी गए रकम में से पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित के खाते से एक लाख रूपए की रकम का फ्रॉड हुआ था। पीड़ित को पचास हजार रूपए की रकम वापस कराई गई है। शेष रकम के बारे में कार्रवाई जारी है। शीघ्र ही शेष रकम भी वापस कराई जाएगी।



# पशु व्यापारियों में कहासुनी के बाद मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत में रविवार सवेरे पशु व्यापारियों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। वही छत से ईंट पत्थर भी फेंके गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी शमीम व मोहल्ले के ही आसिफ दोनों पशु व्यापारी है। बताया जाता है कि दोनों के बीच पिछले काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। जिसमें हरियाणा के पाही पुलिस द्वारा दोनों पक्षों पर कार्यवाही भी जा चुकी है। आरोप है कि रविवार को शमीम अपने घर पर बैठा था तभी आसिफ, कासिफ व अन्य लोग घर पर पहुंचे और गाली गलौच शुरू कर दी। जिसका शमीम पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो मकान पर हवाई फायरिंग की, जिसमें एक गोली मकान की दीवार में लगी है। वही दूसरे पक्ष की ओर से पत्थरबाजी की गई। जिससे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख सभी भाग खड़े गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना आदर्शमंडी प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि विवाद का कारण स्पष्ट नहीं है। दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। फायरिंग के साक्ष्य नहीं मिले।



## थानाभवन पुलिस ने सट्टा लगाते एक जुआरी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली एन। पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस टीम ने मौके से अभियुक्त को सट्टा लगाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आकाश पुत्र भगवान दास निवासी मोहल्ला शाहविलायत, थाना थानाभवन, जनपद शामली के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पन्द्रह लाख की चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को लाखों रूपए की अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

शनिवार की शाम को कस्बा इंचार्ज नरेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ गांव हाजीपुर दुगड्डा रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोक कर पूछताछ की तो युवक कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया, और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 480 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसके अंतर्राष्ट्रीय कीमत पन्द्रह जो लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहसिन पुत्र जमशेद निवासी गांव हाजीपुर दुगड्डा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।



## सरकारी कार्यालय की महिला कर्मचारी ने लगाए गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के एक सरकारी कार्यालय में चपरासी के पद पर तैनात महिला कर्मचारी ने एक अधिकारी और एक प्राइवेट कर्मचारी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उसके फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर उसे बदनाम करने का प्रयास किया, साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ भी की गई। मामले को लेकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, वह लंबे समय से मानसिक दबाव और डर के साए में जी रही थी। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उसके निजी सम्मान को ठेस पहुंचाने की नीयत से फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी, जिससे उसकी सामाजिक छवि खराब हो सकती थी।

## बांझपन कोई अभिशाप नहीं, समय रहते कराएं उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शामली सीएचसी में तैनात एमबीबीएस, डीएनबी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार ने कहा कि बांझपन कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि यह विभिन्न चिकित्सकीय कारणों से उत्पन्न होने वाली समस्या है। उन्होंने बताया कि बच्चे न होने के पीछे कई चिकित्सकीय कारण हो सकते हैं, जिनका समय रहते उपचार कराने से प्राकृतिक रूप से गर्भधारण संभव है। डॉ. विजेंद्र कुमार ने बताया कि महिलाओं में अंडाणुओं की सही वृद्धि न होना, फैलोपियन ट्यूब का ब्लॉक होना, गर्भाशय में गांठ या ट्यूमर, गर्भाशय की बनावट में विकृति, पीसीओडी, थायराइड व शुगर जैसी समस्याएं तथा हार्मोनल असंतुलन बांझपन के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश बीमारियों का इलाज संभव है और सही समय पर उपचार कराने से दंपति को संतान सुख मिल सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला में अंडाणुओं की मात्रा बिल्कुल नहीं होती है, तो ऐसी स्थिति में अंडा डोनेशन, आईयूआई, आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भी संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. विजेंद्र कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बांझपन की समस्या से परेशान दंपति सीएचसी शामली में आकर परामर्श लें, जहां योग्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। केवल विशेष तकनीकी प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाएगा, जहां यह सुविधाएं भी सरकारी योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को छोड़कर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना ही इस समस्या का सही समाधान है।

## एक नजर

### ऑपरेशन सवेराः चौसाना पुलिस का वार, नशा तस्करी की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा' अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में लंबे समय से वांछित चल रही अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौसाना पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन सवेरा र नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान के अंतर्गत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने ग्राम जिजौला निवासी तुन्नी पत्नी करीम, दीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी पूर्व में दर्ज उस मामले से जुड़ी है, जिसमें मारूफ पुत्र इसराइल को 120 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा गया था। उसी मामले में तुन्नी फरार चल रही थी। मुन्नी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर चौसाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्ता के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। साथ ही नशा तस्करी से जुड़े उसके आगे और पीछे के संपर्कों की भी गहनता से जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क तक पहुंचा जा सके। चौकी प्रभारी चौसाना संदीप कुमार ने बताया कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और इसके खिलाफ पुलिस पूरी गंभीरता से अभियान चला रही है। उन्होंने कहा, पुलिस नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शने वाली नहीं है। ऑपरेशन सवेरा के तहत आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी किसी भी जानकारी को छिपाएं नहीं और तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि क्षेत्र को नशामुक्त बनाया जा सके।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है आरती लगभग । वर्ष से लगातार हो रही है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सभी भक्तों ने संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल वीरेंद्र गोयल पूजा गोयल कनिका शर्मा गीता गोयल आशीष कुमार शुभम गर्ग हिमांशु बिंदल अनिल रेनू बंसल अजय गोयल सुशील ऐरन विजय गुप्ता वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल नीतू बंसल नरेंद्र गोयल आदि भक्त मौजूद रहे।

# आवास योजना शहरी के तहत दो लाख लाभार्थियों को धनराशि भेजी

**शामली।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा आज प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे रु. 2,000 करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण की गई।

जिसमें जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) शामली द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अंतर्गत जनपद शामली में 1820 लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि के रूप में । लाख रूपए उनके बैंक खाते में सीधा हस्तान्तरित किया गया।

प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, उपस्थित अधिकारियों एवं सभी लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के प्रेरणादाई संबोधन को सुना गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को आवास स्वीकृति-पत्र वितरित किया गया। अपने संबोधन में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह द्वारा लाभार्थियों को योजना के महत्वता के बारे मे बताया गया और कहां की वर्तमान सरकार में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है। शामली विधायक प्रसन्न चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना द्धशहरीत्र के साथ-साथ सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ अपर जिलाधिकारी (वि.रा) सत्येंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहन लाल, डिप्टी कलेक्टर ६ परियोजना अधिकारी हामिद हुसैन एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शामली विनोद सोलंकी, सीएलटीसी पीएमएवाई, मिशन प्रबंधक डूडा एवं योजना के लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।





## कहासुनी मे दो पक्षों में मारपीट दो घायल पुलिस जांच मे जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला माजरा में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।मारपीट का लाइव विडियो वायरल हो रहा है।

शनिवार की शाम को मोहल्ला माजरा निवासी अजय पुत्र लीला को अपने पड़ोस के ही लोगों ने साथ कहासुनी हो गई थी । उस समय मोहल्ले के लोगों ने अजय को समझा बुझाकर घर भेज दिया था। आरोप है कि रविवार की सुबह को अजय ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मोहल्ले के हिमांशु पुत्र प्रवीण के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से अजय पुत्र लीला में दूसरे पक्ष से हिमांशु पुत्र प्रवीण घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षो के बीच में मारपीट का लाइव वीडियो वायरल हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में अलग-अलग हादसों में दो घायल





शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में एक बाइक सवार को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल जब्बार रविवार को पानीपत से अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार गांव भभीसा में पहुंचा तो इसी बीच अचानक गली से निकले बाइक सवार ने पीड़ित की बाइक को टक्कर मार दी, और मौके से फरार हो गया। बाइक की टक्कर लगने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव जिड़ाना निवासी किसान शिवदत्त पशुओं के लिए मशीन से चारा काट रहा था। इसी बीच पीड़ित का हाथ मशीन में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पीड़ित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद पीड़ित को छुट्टी दे दी है।

## खेड़ा गड़ाई में खेती की भूमि को लेकर विवाद, थाने में दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** गांव खेड़ा गड़ाई निवासी बिट्टू पुत्र धनीराम ने थाने में तहरीर देकर अपनी खेती की भूमि पर विवाद का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि गांव में ही स्थित उसकी कृषि भूमि पर वह पेड़ लगाना चाहता है, लेकिन गांव का ही निवासी सुरेश पुत्र हरिया उसे पेड़ लगाने से रोक रहा है। बिट्टू का आरोप है कि सुरेश उसकी खेती की भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से लगातार विरोध कर रहा है और पेड़ लगाने नहीं दे रहा। इस संबंध में उसने थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक लाख के इनामी को मुठभेड़ में किया था ढेर, सोशल वर्करों ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कांधला पुलिस ने अपराध की दुनिया में खौफ का पर्याय बने एक लाख के इनामी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर क्षेत्र को बड़ी राहत दिलाई थी। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद सामाजिक संगठनों और सोशल वर्करों में भी पुलिस के प्रति सम्मान और विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इसी कड़ी में रविवार को सोशल वर्करों की टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके भेंट कर सम्मानित किया।



18 अक्टूबर की वह सुबह कांधला के लिए सुकून और सुरक्षा का संदेश लेकर आई, जब मोहल्ला खेल का कुख्यात अपराधी नफीस पुत्र मूंदा हमेशा-हमेशा के लिए अतीत बन गया। हत्या, लूट, जानलेवा हमले और नकली नोटों की तस्करी जैसे 34 से अधिक संगीन अपराधों में वांछित यह बदमाश लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। एक लाख रूपए का इनाम घोषित होने के बावजूद नफीस कानून को ठेंगा दिखाता रहा, लेकिन आखिरकार पुलिस की सतर्कता, रणनीति और साहस के आगे उसकी एक न चली। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि कांधला और कैराना पुलिस की जांबाजी का जीवंत उदाहरण है।

कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और कैराना कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर इस दुर्दांत अपराधी का अंत किया और समाज को खौफ से मुक्त कराया था। इस बहादुरी और उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए एडीजी मेरठ भानु भास्कर ने दोनों अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। रविवार को इसी सफलता पर सामाजिक संगठनों से जुड़े सोशल वर्कर डॉ. मुजक्किर, अनस और उनकी टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांधला पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सम्मान के लिए सोशल वर्करों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कांधला को अपराध मुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। कांधला पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अपराध कोई नहीं। जनता और पुलिस के आपसी सहयोग से ही एक सुरक्षित और भयमुक्त समाज का निर्माण संभव है।

## जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद भी बढ़ गई है। बताया गया कि विगत 4 मार्च को ग्राम ईस्सोपुर खुरगान निवासी असलम पुत्र रसीद ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके गांव के ही इन्सार पुत्र मेंहदी हसन ने अपने साथियों के साथ उसके घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान जब उसका भाई अफसर पुत्र रसीद और उसकी पुत्री साईस्ता घर में पहुंचे तो आरोपियों ने धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस संबंध में थाना कैराना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में एक अभियुक्त इस्तकार को पूर्व में गत 30 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक शामली एन॰पी॰ सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चेकिंग अभियान के तहत शनिवार को कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त राशिद पुत्र स्वर्गीय रहमत निवासी ग्राम रतौंध, थाना झिंझाना, जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना में शामिल अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश जारी है और उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।



## जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में मंदिर कमेटी का गठन

**जलालाबाद।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जनपद शामली में आज कमेटी में वार्षिक रथयात्रा की तिथि घोषित की गई। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के बाद 8 मार्च 2026 दिन रविवार को वार्षिक विराट रथ यात्रा कार्यक्रम की तिथि निश्चित की गई। रविवार को ही सतेंद्र कुमार जैन जगाधरी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राकेश जैन सहारनपुर, उपाध्यक्ष मुकेश जैन ठेकेदार सहारनपुर, मंत्री सुशील कुमार जैन जलालाबाद, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन आढ़ती नानौता उपमंत्री प्रदीप जैन सहारनपुर, नरेन्द्र जैन ऑडिटर, भूपेन्द्र जैन अध्यक्ष साधु सेवा समिति, मुख्य परामर्श दाता जे० के० जैन शामली, परामर्शदाता तरुण जैन शामली, परामर्शदाता सतेन्द्र कुमार जैन जगाधरी सदस्य संदीप जैन, सुशील जैन, सुभाष चन्द जैन, उमेश जैन, सतेंद्र जैन शामली बने। इस मौके पर 1008 पार्श्वनाथ दि० जैन अतिशय क्षेत्र कमेटी उपस्थित रही।

## तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर जिलेभर में गैर-जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालयों से जारी वारंटों के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्राम बसेड़ा निवासी इन्सार पुत्र जबरदीन, ग्राम दभेड़ी खुर्द निवासी सुभाष पुत्र शेर सिंह तथा ग्राम बधुपुरा निवासी समरयाब पुत्र फैयाज शामिल हैं। तीनों अभियुक्त थाना कैराना के निवासी बताए गए हैं।

# नए वोट बनाने, दावे-आपत्तियों के लिए पोलिंग बूथों पर लगे कैंप

थानाभवन




बिडौली



शामली




झिंझाना



कैराना

प्रक्रिया



शामली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आगामी चुनावों को लेकर क्षेत्र में नए मतदाता बनाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर विभिन्न बूथों और शिक्षण संस्थानों में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की ड्यूटी लगाई गई है, जहां पात्र नागरिकों से नए वोट बनवाने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

लाल लाजपतराय कन्या इंटर कॉलेज में देवी प्रसाद, सरस्वती हाई स्कूल में रामवीर सिंह तथा प्राइमरी स्कूल नम्बर-2 में पंकेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इन केंद्रों पर बड़ी संख्या में युवा और पहली बार वोट बनवाने पहुंचे नागरिक आवेदन कर रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया के दौरान कई लोगों को जन्म प्रमाण पत्र को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवे. दकों के पास जन्मतिथि से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण आवेदन में दिक्कत आई। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर फॉर्म-6 की कमी के चलते बीएलओ को फोटोकॉपी के माध्यम से आवेदन लेकर कार्य चलाना पड़ा। बीएलओ द्वारा आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए बताया गया कि पहचान पत्र, पते का प्रमाण तथा जन्मतिथि से संबंधित दस्तावेज जरूरी हैं। जिनके दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें पूरा कर दोबारा आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिका. रियों के अनुसार सभी आवेदनों का सत्यापन नियमानुसार किया जाएगा और पात्र पाए जाने पर नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। नए वोट बनाने की इस प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी बढ़ती दिखाई दे रही है, वहीं प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रह जाए।

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव आमवाली में स्थित विभिन्न मतदेय स्थलों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का सार्वजनिक पठन कराया गया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, ताकि मतदाता अपने नाम, आयु, पता एवं अन्य विवरणों की सही तरह से जांच कर सकें। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृतक मतदाताओं के नाम हटवाने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को दुरुस्त कराने का अवसर प्रदान किया गया। बीएलओ हरेंद्र पंवार एवं इकराम मास्टर ने मतदाताओं को फार्म-6 (नया नाम जोड़ने), फार्म-7 (नाम हटाने) एवं फार्म-8 (संशोधन) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और मौके पर ही फार्म भरवाकर आवश्यक सहयोग किया। इस दौरान बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) ताहिर हसन एवं सद्दाम खान द्वारा मतदाता सूची में पाई गई अनियमितताओं को लेकर कुल 07 आपत्तियां दर्ज कराई गईं। सभी आपत्तियों को नियमानुसार सूचीबद्ध कर संबंधित विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि दर्ज सभी आपत्तियों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ हरेंद्र पंवार, इकराम मास्टर, बीएलए ताहिर हसन, सद्दाम खान के साथ-साथ ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, इरफान चौधरी, चौधरी तासिम प्रधान, निप्पी फौजी सहित बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद रहे। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए मतदाता सूची की अवश्य जांच करें और किसी भी त्रुटि को समय रहते सुधारवाएं, ताकि आगामी चुनावों में किसी को मतदान से वंचित न होना पड़े।वहीं बीएलओ हरेंद्र पंवार द्वारा मतदाताओं से अपील की गई कि फार्म 6 (नए वोटर) अपनी वोट बनवाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में जागरूक हो

**झिंझाना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत रविवार को कस्बे के राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज और जय सीताराम इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने उपस्थित नागरिकों के समक्ष मतदाता सूची का वाचन कर सुनाया और नाम, पता तथा अन्य विवरणों की पुष्टि कराई, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। इस अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन पत्र भी भरवाए गए। युवाओं और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। बीएलओ सुभाष चंद्र ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा इसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान किसी भी मतदाता ने सूची को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। कार्यक्रम में बीएलओ संजीव कुमार, प्रमोद शर्मा सहित सभी वार्डों के बीएलओ अपने-अपने निर्धारित केंद्रों पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग सम्पन्न हुआ।

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को जनपद शामली के सभी 1129 मतदान बूथों पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस विशेष अभियान के तहत शामली विधानसभा क्षेत्र के 372 मतदान बूथों तथा शहर क्षेत्र के 278 बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्रदान की। बीएलओ ने नागरिकों को बताया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और नाम, उम्र, पता अथवा अन्य विवरणों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधारा जा सके। इसी उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने मतदान बूथों पर पहुंचे। शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वीवी इंटर कॉलेज, आरके इंटर कॉलेज, नंदूप्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय, देशभक्त इंटर कॉलेज तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने सूची में अपने नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार मतदान के पात्र बने थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं मिले या जिनके विवरण में त्रुटियां पाई गईं, उन्होंने मौके पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। बीएलओ ने नागरिकों को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी भी दी और बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित का पालन करना आवश्यक है। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय कुमार सिंह भदौरियां ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि के दौरान आयोग द्वारा 17 जनवरी, 18 जनवरी, 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 6 फरवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी।विशेष अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल एजेंटों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

**शामली।** शहर के मतदान स्थलों पर पहुंचे मतदाताओं ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय से लगातार बीएलओ को बदला जा रहा है। जिससे उनको बीएलओ को ढूढने में दिक्कते हो रही है। बीएलओ उनके मोहल्ले और घर तक नही पहुंचे। जो बीएलओ पहले थे, अब उनको बदल दिया गया। इसकी जानकारी नही दी जाती है, जिससे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होने जिला निर्वाचन अधिकारी से बीएलओ को बार बार न बदले जाने की मांग की। साथ ही मांग की कि बीएलओं को निर्देशित किया जाए कि वह मतदाताओं से मधुर व्यावहार रखे।

**शामली।** एसआईआर के बाद तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची में आपत्तियों के निस्तारण व नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु लगाए गए विशेष शिविरों में समाजवादी पार्टी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मतदाताओं की सहायता के लिए मौजूद रहे। सपा नेता प्रो। सुधीर पंवार ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के सोट्टा, भनेड़ा जट, बुटराड़ा सहित कई गांवों के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिविरों में मतदाताओं की कम उपस्थिति से जागरूकता की कमी स्पष्ट होती है। कई स्थानों पर बीएलओ की अनुपस्थिति, विवाहित महिलाओं के दस्तावेजों से जुड़ी समस्याएं तथा वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अभी भी मतदाता सूची में डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए चुनाव आयोग को और प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता है।

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में आज 18 जनवरी 2026 को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। आयुक्तध्रोल ऑब्जर्वर डॉद्ध रूपेश कुमार ने आज दिनांक 18-01-2026 को विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस पर 10-शामली, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में आयुक्त महोदय द्वारा आदर्श प्राथमिक विद्यालय बनत-1 जनपद शामली के बूथ संख्या 116, 117, 118, 119, 120 का निरीक्षण कर बी0एल0ओ0 को मतदेय स्थलों पर निर्वाचक नामावलीं पढकर सुनाने एवं अधिक से अधिक संख्या में नए मतदाताओं को जोडने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर सतएन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0), शामली, एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टरध्प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय प्रताप सिंह भदोरिया, तहसीलदार शामली मनोज कुमार आदि सभी संबंधित मौजूद रहें।

**कैराना।** विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर रविवार को विशेष कैंप आयोजित किए गए। इस मौके पर एसडीएम निधि भारद्वाज ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाताओं के नए पंजीकरण, त्रुटियों के सुधार और संशोधन हेतु फॉर्म जमा करवाए।

प्रत्येक बूथ पर बीएलओ ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया और उन मतदाताओं को फॉर्म-06, 07 और 08 भरवाए जिनके नाम सूची में नहीं थे या जिनके विवरण में कोई त्रुटि पाई गई थी। एसडीएम निधि भारद्वाज ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति और कार्यशैली का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर मतदाताओं को फॉर्म भरने और सूची में सुधार कराने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

## प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगा किया प्रदर्शन





### मवी गांव में पंचायत वोटर लिस्ट से नाम कटने पर ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना क्षेत्र के मवी गांव में पंचायत निर्वाचन सूची से नाम नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को तहसील कार्यालय का घेराव किया और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व प्रधान दिलशाद के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग छह साल पहले उन्होंने मवी गांव में जमीन खरी. दकर स्थाई रूप से निवास शुरू किया था। इसके बाद उनका नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज था और सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायत की चुनाव सूची में उनके नाम शामिल नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे उनका लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहा है और आगामी पंचायत चुनाव में मतदान का हक छिनने का खतरा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पहले भी मौके पर जाकर सत्यापन कर चुके हैं और सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। पूर्व प्रधान दिलशाद ने बताया कि जब मतदाता सूची में नाम दर्ज हैं और सभी दस्तावेज सही हैं, तो इसे हटाना समझ से परे है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सूची में नाम जोड़ने और न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। एसडीएम निधि भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कांग्रेस कमेटी शामली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण के उपरांत जारी प्रारंभिक मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए निर्वाचन कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 6 जनवरी को जारी की गई मतदाता सूचियां संदेहास्पद प्रविष्टियों से भरी हुई हैं, जिससे निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ियों को लेकर पूर्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रमाण सहित आपत्तियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। वही परिस्थितियां जनपद शामली में भी देखने को मिल रही हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ला कलंदरशाह में एक ही मकान में अस्वाभाविक रूप से अत्यधिक संख्या में मतदाता दर्ज हैं। मकान संख्या 43 में 32 मतदाता तथा मकान संख्या 116 में 114 मतदाता दर्ज पाए गए हैं। यदि उप-मकान संख्याएं जोड़ी जाएं तो एक ही मकान में मतदाताओं की संख्या 257 तक पहुंच रही है, जो अत्यंत संदेहास्पद है। इसी मोहल्ले में एक अन्य मकान में 45 मतदाता दर्ज होने की बात भी कही गई। कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकान संख्या 0 या 00 पर दर्ज मतदाताओं पर भी आपत्ति जताई। घेर बुखारी, गुजरातियान वार्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 100 से अधिक ऐसे मतदाता सामने आए हैं जिनकी मकान संख्या शून्य दर्शाई गई है।

इसके अलावा ग्राम भाजू में मकान संख्या से संबंधित गंभीर त्रुटियां, ग्राम कुड़ाना एवं भिक्का माजरा में कई मतदाताओं के पहचान पत्रों पर फोटो का अभाव, तथा कुछ स्थानों पर एक ही मकान में अलग-अलग धर्मों के मतदाताओं की संदिग्ध प्रविष्टियों का भी उल्लेख किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि दयानंद नगर के मकान संख्या 232 में 89 मतदाताओं की प्रविष्टि को लेकर पहले ही समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो चुकी है। अब तक शामली विधानसभा क्षेत्र की लगभग 46 मतदाता सूचियों में इस प्रकार की गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं।

कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की महिला जिला उपाध्यक्ष डॉ। नसरीन तथा जिला महासचिव पुनीत शर्मा के परिजनों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाए गए हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र राघव, जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, निर्भय सिंह, सन्नी गुप्ता मौजूद रहे।

## कार्य के चलते आध घंटा बंद रही रेलवे लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के धीमानपुरा फाटक पर डीएमटी मालगाडी द्वारा लाईन पर पत्थर डालने का कार्य करने के दौरान करीब 30 मिनट फाटक बंद रही। जिससे फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाईने लग गई और नागरिकों को भारी परेशानियां का समना करना पडा। फाटक खुलने के करीब एक घंटा बाद तक भी जाम की स्थिति बनी रही। रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे शहर के धीमानपुरा फाटक पर डीएमटी मालगाडी पहुंची, जिसके द्वारा रेलवे लाईन पर पत्थर डालने का कार्य प्रारंभ किया गया। डीएमटी मालगाडी के कर्मचारियों ने शामली रेलवे स्टेशन से लेकर धीमानपुरा फाटक, सहारनपुर रेलवे लाईन तक यह कार्य किया। जिस कारण फाटक दोपहर 1:15 बजे तक बंद रही। फाटक के करीब 30 मिनट बंद रहने से वाहनों की फाटक के दोनों ओर लंबी लंबी लाईने लग गई। पैदल चलने वाले यात्री भी बीच में खडी मालगाडी के कारण रूक गए और उनको आने जाने का रास्ता नही मिल सका। इस दौरान कुछ लोगों ने खुद की जान को जोखिम में डाल मालगाडी से नीचे से तो कुछ ने मालगाडी से ऊपर से होकर फाटक पार किया। इस दौरान आरपीएफ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मालगाडी से चढकर जा रहे यात्रियों को रोका गया। वही फाटक खुलने के बाद दोनों और से वाहनों की भीड उमड पडी और जाम की स्थिति पैदा हो गई। जाम धीमानपुरा फाटक से प्रारंभ होकर गुरूद्वारा तिराहा, रेलपार बाईपास, कुडाना रोड और शहर की ओर धीमानपुरा, भिक्की मोड और शिव चौक तक लग गया था। जाम को खुलवाने में ट्रेफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पडी। करीब एक घंटे बाद तक भी जाम की स्थिति सामान्य नही हो सकी थी। जाम लगने से शहर के लोग खासा परेशान नजर आए।

## मिट्टी खनन का विरोध करने पर किसान से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा कैराना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। किसान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी पर जबरन मिट्टी खनन कराने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मोहल्ला खेलकलां निवासी वासिल हसन पुत्र इनामुलहक ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि उसके खसरा संख्या 690 में नाशपाती का बाग लगा हुआ है। आरोप है कि उसके खेत से सटी मोहल्ला खेलखुर्द निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ बल्लू ने अपनी भूमि खसरा संख्या 692 से पहले करीब छह फुट तक मिट्टी उठाई थी, जिस पर उसे कोई आपत्ति नहीं थी। अब आरोपी द्वारा बाग से लगी भूमि से दोबारा करीब सात फुट मिट्टी उठाने की तैयारी की जा रही है, जिससे बाग को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसान का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की गई तो गोली मार दी जाएगी। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार भय के साए में है। पीड़ित ने प्रशासन से अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाने और अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले में जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वा. सन दिया हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी 34 वर्षीय रोबिन पुत्र बोलू गत शनिवार देर शाम सडक पर बेहोशी ही हालत में पडा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल-112 पुलिस को देते हुए बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रोबिन को विषैला पदार्थ खिला दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों कां जानकारी देते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रोबिन को उपचार दिया गया, लेकिन रविवार सवेरे उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना पाकर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने बताया कि रोबिन अत्याधिक शराब पीता था और शराब के सेवन के कारण ही उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड गया है।

## यातायात नियमों को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान



**कांधला।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांधला पुलिस द्वारा दिल्ली बस अड्डे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल अजय कुमार, होमगार्ड यशपाल एवं होमगार्ड मनोज कुमार भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बस अड्डे पर मौजूद दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने लोगों को संबो. धित करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्एक व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे। नियमों की अनदेखी न केवल चालान का कारण बनती है, बल्कि कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की सलाह दी। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि शराब या किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और सड़क संकेतों का सम्मान करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानक. ारी भी दी। साथ ही बताया कि थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती है। इस जागरूकता अभियान के दौरान दिल्ली बस अड्डे पर बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## अवैध मिट्टी खनन से किसान की जमीन को नुकसान, डीएम से शिकायत

**कैराना।** क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन रोकने का नाम नहीं ले रहा मिट्टी खनन माफियाओं खुलेआम कर रहे खनन। मोहल्ला बिसातियान निवासी किसान ने पड़ोसियों पर बिना अनुमति मिट्टी खनन करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। किसान का कहना है कि अवैध खनन के कारण उसकी कृषि भूमि को भारी नुकसान हो रहा है। पीड़ित इखशाद पुत्र अब्दुलगनी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 717 है। आरोप है कि कैराना निवासी इंतजार अहमद और मोहम्मद अहमद ने अपनी भूमि गाटा संख्या 692 से मिट्टी खनन के लिए पहले तीन फुट तक की अनुमति ली थी, जिसके बाद तय सीमा तक मिट्टी निकाली जा चुकी है। इसके बावजूद अब बिना किसी वैध स्वीकृति के दोबारा करीब सात से आठ फुट तक मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि इस अवैध खनन से उसकी भूमि की मेड़ कटकर गिर रही है, जिससे उसे आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। पीड़ित ने प्रशासन से अवैध मिट्टी खनन को तत्काल रुकवाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों की जमीन को और नुकसान हो सकता है।

## नशे की हालत में भर्ती युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव लपराना निवासी रोबिन पुत्र भोलू कश्यप द्ध34ऋ की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। बताया गया कि बीती रात परिजन उसे नशे की हालत में 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे मेरठ नहीं ले जा सके। सुबह करीब छह बजे उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक शाद. ीशुदा था और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। फिलहाल मौत के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी प्रकार की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और उन्होंने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है।

# इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब

**मुंबई, वार्ता।** इथियोपियाई धावक टाडू अबाटे और एशी चेकोले ने रविवार को आयोर्. जंत हुई मुम्बई मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। अबाटे का यह चौथा अंतर्राष्ट्रीय फुल मैराथन खिताब है। उन्होंने 2:09:55 के समय के साथ पुरुष एलीट वर्ग में शीर्ष पर रहे। केन्या के लियोनार्ड लंगाट 2:10:10 के समय के साथ दूसरे स्थान, जबकि पिछले एडिशन के उपविजेता इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे ने 2:10:22 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

2023 के विश्व चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलांगट 2:11:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में, एशी चेक. ोले ने टॉप स्थानों पर इथियोपियाई धावकों का दबदबा बनाया, उन्होंने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। किडसन एलेमा गेब्रेमेडिन 2:27:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर, गोज्जाम त्सेगाए एनएव 2:28:27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की मदीना आर्मिनो, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थीं, 2:33:02 के समय के साथ पांचवें



स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट महिलाओं में, संजीवनी जाधव ने अपने मुंबई मैराथन डेब्यू में शीर्ष पर रही।

उन्होंने 2:48:58 का समय निकालकर निर्मबेन ठाकोर को खिताब की हैट्रिक बनाने से रोक दिया। ठाकोर 2:49:07 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सोनम ने 2:49:21 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में, कार्तिक करकेरा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे, वे 2:19:55 के समय के साथ 2:20:00 से कम समय में दौड़ने वाले एकमात्र भारतीय बने। पूर्व चैंपियन अनीश थापा 2:20:08 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रदीप चौधरी ने 2:20:49 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चीन के झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए। मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6.3, 7.6 (0), 6.3 की जीत में 38 विनर्स लगाए। यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नम्बर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए। दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे। सेरुंडोलो ने कहा, ष्मैंने आज बहुत अच्छा खेला, और मैं बहुत खुश हूं। यह साल शुरू करने का एक शानदार तरीका है।ष सेरुंडोलो कभी भी किसी मेजर के चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़े हैं। यह झांग के लिए निराशाजनक था।

# सोनमेज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंड्रोवा को हराया

**मेलबर्न, वार्ता।** क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने खेल भावना, हॉट शॉट्स और आखिरकार तुर्की के इतिहास का एक हिस्सा पेश किया, जब वह तीसरे सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद नम्बर 11 सीड एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7.5, 4.6, 6.4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत हासिल की।

23 साल की सोनमेज ने अपने करियर की दूसरी टॉप 20 जीत हासिल की (पिछले साल बीजिंग में क्लारा टौसन को हराने के बाद), और ओपन एरा में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैच जीतने वाली पहली तुर्की महिला बनीं। पिछले साल, वह कागला बुयुकाकके के बाद यहां मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी तुर्की महिला बनीं, जो 2017 में अपने एकमात्र मुख्य-ड्रॉ उपस्थिति में पहले राउंड में हार गई थीं। 2 घंटे, 37 मिनट का यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सोनमेज ने पहला सेट 5.2 से पीछे होने के बाद जीता, एक सेट प्वाइंट बचाया, और लगातार सात गेम जीते( वह दूसरा सेट 3-1 से आगे होने के बाद हार गई क्योंकि एलेक्जेंड्रोवा ने अगले नौ में से आठ गेम जीते( लेकिन निर्णायक सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद, सोनमेज ने फिर से लय पकड़ी और आखिरी सात में से छह गेम जीते, एलेक्जेंड्रोवा के बैकहैंड नेट पर लगने के साथ ही उन्होंने अपना चौथा मैच प्वाइंट जीता। सोनमेज की तीसरे सेट में वापसी दिन के सबसे



अच्छे प्वाइंट में से एक से शुरू हुई, जो रैली बनाने की एक मास्टरक्लास थी। जब एलेक्जेंड्रोवा 3-1, 15-30 पर सर्व कर रही थीं, तो सोनमेज ने एक शक्तिशाली एंगल्ड फोरहैंड से कोर्ट खोला। उसने एलेक्जेंड्रोवा को ड्रॉप शॉट से नेट के पास खींचकर यह किया, और हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने अपने जवाब में अच्छी स्पीड बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## ज्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल मेलबर्न पार्क में फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव को तब थोड़ी घबराहट हुई जब वह पहले सेट के टाईब्रेक में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभाला और अपने जाने-माने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक से पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण कर लिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने कहा, ष्पहला सेट मेरा सबसे अच्छा टेनिस नहीं था, लेकिन उसके बाद जब मैं मैच में आया, तो मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा और मैं निश्चित रूप से अपने खेल के स्तर से खुश हूं। ज्वेरेव की पहली बड़ी जीत की तलाश जारी रहेगी जब वह अगले मैच में ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपी. रिन या फांस के अलेक्जेंडर मुलर से खेलेंगे।

## उस्मान सदात, महबूब खान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने बनाए 262/6

**विडहोक, वार्ता।** उस्मान सदात (88) और कप्तान महबूब खान (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट पर 262 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खालिद अहमदजई और उस्मान सदात की सलामी जोड़ी ने अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 18वें ओवर में विटेल लॉज ने खालिद अहमजई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आईपीएल मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु।** भले ही 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन कर्नाटक सरकार ने इस जगह को इंटरनेशनल क्रिकेट मैच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने कहा कि यह फैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए ष्भरोसेष पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ष्उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है। गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ष्समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था। बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया। परमेश्वर ने कहा कि महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी। यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में हजारों हुए शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में आज केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुजरात में साइकिल चलाई।

वहीं कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में खिलाड़ियों पी गोपी. चंद, दीप्ति जीवनजी, ईशा सिंह के साथ विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। देश भर में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन आज सुबह कई जगहों पर पूरे जोश के साथ आयोजित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राजकोट के पास गोंडल में इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कार्यक्रम की कमान संभाली।

डा. मनसुख मांडविया ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत को फिट बनाने के लिए, हमें संडेज ऑन साइकिल में भाग लेना होगा। इस दौरान डा. मांडविया ने प्रतिभागियों से बात की और उनकी कहानियां सुनी। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि साइक्लिग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेग. ुलर साइक्लिग करनी चाहिए। मुझे इतने सारे लोगों के साथ साइकिल चलाने में मजा आता है, यह हम सभी को एक कम्युनिटी होने का एहसास देता है, जो बहुत जरूरी है। मैं पूरे देश के भारतीयों से अपील करता हूं कि वे हर रविवार को अपने शहर में किसी जगह पर इसमें शामिल हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जितने उसके नागरिक। अगर हमें अपने सपनों का विक. सित भारत बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर भारतीय अपनी सबसे अच्छी शारीरिक और मानसिक फिटनेस में हो ताकि हर कोई देश के विकास में योगदान दे सके। यही विजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे लिए है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित देशव्यापी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन में खेल, संस्कृति और कम्युनिटी को एक यादगार नजारे में मिला दिया गया। दो लाख से अधिक जगहों पर 22 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया है। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां और खेल हस्तियां मौजूद थीं, जिनमें केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी- किशन रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, बैडमिंटन के दिग्गज, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पुलेला गोपीचंद, अर्जुन पुरस्कार विजेता शूटर ईशा सिंह और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी शामिल थे।

## इटली ने जेजे स्मट्स को अपनी टी-20 टीम में किया शामिल

**रोम।** पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलने जा रही इटली ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेजे स्मट्स को अपनी 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया है। वेन मैडसेन टूर्नामेंट में इटली की टीम की कप्तानी करेंगे। क्वालिफायर के दौरान टीम की कप्तानी जो बर्न्स ने की थी, लेकिन पिछले साल के आखिर में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को कप्तान के पद से हटाकर टीम से बाहर कर दिया गया था। इटली की इस विश्व कप टीम में दो भाइयों की जोड़ी हैरी और बेंजामिन मैनेंटी, और एंथनी और जस्टिन मोस्का भी शामिल है। एमिलियो गे चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। टीम के मुख्य को जॉन डेविसन होंगे जबकि केविन आ ब्रायन और डौगी ब्राउन को असिस्टेंट कोच बनाया गया है। इटली को टी-20 विश्व के ग्रुप सी में बंगलादेश, इंग्लैंड, नेपाल और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी-20 दल में फूलमाली व पाटिल की वापसी

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। उनके साथ ऑफ़ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है। ए दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसम्बर में श्रीलंका के खलिाफ खेलने वाली भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा थीं। काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है,

जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है। रेड्डी टी-20ष दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी-20 टीम से भी अपनी जगह



गंवाई थी। वनडे सेट-अप का हिस्सा रहीं हरलीन देओल को टी-20 टीम से बाहर कर दिया गया है। गौतम ने आखरिी बार पिछले साल मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं फूलमाली की अंतर्राष्ट्रीय वापसी मौजूदा डब्ल्यूपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 191-66 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था और चार पारियों में 172-72 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। यह 2023 के पहले डब्ल्यूपीएल सीजन से काफ़ी बेहतर प्रदर्शन था, जहां उन्होंने तीन मैचों में 120-75 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाए थे। फूलमाली ने सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खलिाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ़ दो अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पाटिल के लिए यह अक्टूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ़ ही था। चोट के कारण लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्होंने पिछले साल सितम्बर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, जहां वह खतिाब जीतने वाली बारबाडोस रॉयल्स टीम का हिस्सा थीं। मौजूदा डब्ल्यूपीएल में पाटिल ने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं, जिसमें जायंट्स के खिलाफ लिया गया पंजा भी शामिल है। भारत 15 फ़रवरी से 1 मार्च के बीच तीन टी-20 और उतने ही वनडे खेलेगा।

# सबालेंका ने पहले राउंड का टेस्ट पास किया

मेलबन। वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी।

वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6.4, 6.1 की जीत में काम आया और रात का सेशन शुरू हुआ। सबालें. का ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाआ. ेनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। यह साफ था कि सबालेंका के शॉट के पीछे की ताकत राकोटोंमांगा राजाओनाह के लिए बहुत ज्यादा थी, जो अक्सर रिटर्न नेट में मार देती थीं या गेंद कोर्ट से बाहर चली जाती थी। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए - उन्होंने उस शाम 23 विनर्स मारे - या राकोटोंमांगा राजाओनाह से गलतियां करवाईं। तुलना के लिए, सबालेंका की पहली सर्विस की औसत गति 167 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जबकि राकोटोंमांगा राजाओनाह की 149 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रिटर्न पर, सबालेंका ने अपने प्रतिद्वंद्वी की पहली और दूसरी सर्विस पर क्रमशः42: और 64: अंक जीते। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।

# विजेंदर सिंह को एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

एनियुक्तियां एशियाई बॉक्सिग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति,



महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणनी. तिक हिस्सेदारी को मजबूत करती है एथलीट कमीशन में नौ सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता ईरान के सैयद रोहुल्लाह हुसैनी करेंगे। एशियाई बॉक्सिग कमीशन में अन्य भारतीय प्रतिनिधियों में चंदर किशोर जेरथ (खेल और प्रतियोगिता), स्मिता कुमारी (लैंगिक समानता, विविधता और समावेशन आयोग) और चरणजीत सिंह विर्क (न्यायिक आयोग) शामिल हैं।

# युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स ने दिल्ली को 6.3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई।

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विज. ेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुक. ाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ष्आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,

चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से, और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, ष्हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ए मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे, टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने



अनास्तासिया अल्पएवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से परारा. जंत कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13.0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजिंत कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया। दिल्ली को पहली सफलता 65 किग्रा पुरुष वर्ग में मिली, जहां कप्तान सुजीत कलकल ने रणनी. तिक मुकाबले में तुमुर ओचिर तुलगा को 2.1 से हराया। हालांकि, हरियाणा ने जल्द ही वापसी करते हुए 62 किग्रा महिला वर्ग में इरीना कोलियाडेंको के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंजली को 13.0 से हराकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के तुरान बायरामोव ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 8.1 से जीत दर्ज की और दिल्ली के लिए दूसरा मुक. ाबला अपने नाम किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 19 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महाराष्ट्र में खींचतान

बीएमसी के मेयर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिस तरह के नतीजे वहां से आए, उससे यह लग रहा था कि मुंबई बीएमसी का मेयर भाजपा का होगा। उसका कारण भी था मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट न 29 वार्ड जीते हैं। इस तरह बहुमत का आंकड़ा 114 पर हो जाता है। भाजपा का अगर मेयर बनना है तो उसे शिंदे गुट के 29 वार्ड सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। चुनाव नतीजों के बाद शिंदे गुट ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाबा साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। स्वाभाविक है, शिंदे का यह रुख भाजपा के लिए हैरत वाला है और दोनों गुटों में खींचतान भी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट के संजय राउत ने भी यह कहकर विवाद को और हवा दे दी कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वह पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर पर आई है। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांदरा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। यहां यह बताना जरूरी है कि उद्धव ठाकरे के मराठी कार्ड खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या कम रह गई है। जाहिर है शिंदे गुट उद्धव गुट के दबाव के चलते मेयर पद का दांव चलता दिखाई दे रहा है। जाहिर है अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती तो सत्ता के समीकरण बदल सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत आगे चलकर क्या रुख लेती है यह तो आने वाले तीन दिन में पता चलेगा, क्योंकि शिंदे गुट के सभी पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। शिंदे वह व्यक्ति हैं, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने अपनी अलग शिवसेना बना ली थी। वह 2022 में अपनी ही पार्टी में बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। सियासत में ऐसा यूं ही नहीं कहा जाता कि इस खेल में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जान सकता और इस खेल में चीजें बहुत नाटकीय तेजी के साथ बदलती रहती हैं। ऐसा इस समय भी देखने में आ रहा है। बड़ी पार्टी के रूप में जिस तरह भाजपा ने मुंबई बीएमसी के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और 227 में से 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई, उससे लग रहा था कि वह आराम से अपना मेयर बना लेगी, लेकिन शिंदे गुट ने यह कहकर बड़ा दांव चल दिया कि 2026 शिवसेना संस्थापक ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। बात साफ है शिंदे गुट अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और कहीं न कहीं उसे लगता है कि भाजपा उसके अस्तित्व के लिए संकट पैदा कर रही है।

## जेल में फर्श पर कंबल में सोते हैं वांगचुक



लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है, उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें, सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है, इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिएं, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए, यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए, जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। **–गीतांजलि आंगमो, पत्नी, सोनम वांगचुक**

# कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



तनवीर जाफरी



> ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचा. रित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसत. रह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिए ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिए उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है ?

निश्चित रूप से झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिए जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई टग गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि श्वे भी निराश हैंश। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता यानी intelligence failure भी कहा परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म, कोकीन आयात की साजिश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा कि अमे. रिका वेनेजुएला को संचालित करेगा, खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहां तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गए । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं। रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया, जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में नि:संदेह झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए नई तैयारियां

> **यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लट्ठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है।**



वैसे तो इस बात पर आम सहमति है कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना सर्वोत्तम तरीका है लेकिन कई लोग मानते हैं कि सिर्फ उत्सर्जन कम करने से बात नहीं बनेगी। कार्बन डाईऑक्साइड को वायुमंडल में से हटाकर भंडारित करना भी जरूरी होगा। इसी सिलसिले में कनाडा में 3775 साल पुराने संरक्षित लाल देवदार के लट्ठे की खोज ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के एक नए तरीके में रुचि उत्पन्न की है। लकड़ी की तिजोरियां (वुड वॉल्ट)। इस तकनीक में लकड़ी को इस तरह दफनाया जाता है कि वह सड़कर वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड न छोड़े। गौरतलब है कि कार्बन डाईऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है। जेंग और उनके सहयोगियों का अनुमान है कि दुनिया भर में एक-दो बार इस्तेमाल की जा चुकी लकड़ी के 4.5 प्रतिशत बायोमास को इस तरह दफनाने से वायुमंडल से सालाना 10 गीगाटन तक कार्बन डाईऑक्साइड को हटाया जा सकता है। अलबत्ता, इस उपाय की प्रभाविता पर कुछ विशेषज्ञों को चिंता है। इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दबी हुई लकड़ी में कार्बन सदियों तक कैद रहता है या नहीं। अब तक, समुद्री मिट्टी के नीचे क्यूबेक लॉग का संरक्षण वैज्ञानिकों को उम्मीद देता है कि इसी तरह के परिणाम बड़े पैमाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या अन्य किस्म की मिट्टियां भी ऐसी सुरक्षात्मक परिस्थितियां प्रदान कर सकती हैं। एक चिंता यह है कि कहीं यह तकनीक जंगलों को काटने की प्रेरणा न बन जाए, क्योंकि वह जैव विविधता के लिए खतरे की घंटी होगी। एक और चुनौती पेड़ों को दफनाने की व्यावहारिकता और अर्थशास्त्र है। लकड़ी का उपयोग निर्माण कार्य, कागज और फर्नीचर बनाने में किया जाता है और इसे दफनाने से वनों की कटाई और जैव विविधता के नुकसान सम्बंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, जेंग का सुझाव है कि इन जोखिमों से बचने के लिए केवल बेकार लकड़ी को दफनाया जा सकता है। जेंग के अनुसार बेकार लकड़ी के ढेर आग का खतरा भी बन सकते हैं, इसलिए उन्हें दफनाने से कई लाभ मिलेंगे। अभी के लिए, काष्ठ तिजोरियां जलवायु परिवर्तन के खिलाफ व्यापक लड़ाई में एक आशाजनक रणनीति दिख रही है। यद्यपि पर्यावरण सम्बंधी चिताओं के मद्देनजर इस पर और शोध की आवश्यकता है। **–स्रोत फीचर्स**

# योग और स्वस्थ जीवनशैली के लाभ



विनीत नारायण

भारत की प्राचीन सभ्यता में योग को जीवन का आधार माना गया है। आज की तेज-रफ्तार और तनावपूर्ण दुनिया में, जहां जीवनशैली संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और मानसिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, योग एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रासंगिक समाधान के रूप में उभर रहा है। भारत की यह अमूल्य धरोहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि मन की शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करती है। बीते वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ने इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, क्योंकि योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य से लेकर पर्यावरणीय संतुलन तक सब कुछ जोड़ता है। आज का विषय योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर केंद्रित है, ताकि हम एक स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जी सकें।

योग का अर्थ है 'जोड़ना' या 'मिलन'। यह शरीर, मन और आत्मा का मिलन है। महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों में योग को 'चित्त वृत्ति निरोध:' कहा गया है, अर्थात मन की वृत्तियों का निरोध, लेकिन योग सिर्फ ध्यान या समाधि तक सीमित नहींय यह हठ योग, राज योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे विभिन्न रूपों में जीवन को संतुलित करता है। आज के संदर्भ में, हठ योग के आसन और प्राणायाम सबसे अधिक प्रचलित हैं, क्योंकि यह व्यावहारिक और तुरंत लाभ देने वाले हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग के लाभ अनेक हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित होता है। सूर्य नमस्कार जैसे गतिशील आसन पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करते हैं, रक्त संचार बढ़ाते हैं और चयापचय ङ्कमेटाबॉलिज्मङ्क को तेज करते हैं। इससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि योग से मोटापा कम होता है, खासकर पेट की चर्बी। धनुरासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत देते हैं। महिलाओं के लिए योग मासिक धर्म चक्र को नियमित करता है, प्रसव के बाद रिकवरी में सहायक होता है और हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी वृद्धावस्था की बीमारियों से बचाव होता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग एक वरदान है। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करते हैं और हृदय की धड़कन को संतुलित रखते हैं। भारत में हृदय रोग मौत का प्रमुख कारण है, और योग जैसे प्राकृतिक तरीके से इसे रोका जा सकता है। योग इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोविड महामारी के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मानसिक स्वास्थ्य योग का सबसे बड़ा योगदान है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, अवसाद और तनाव से ग्रस्त है। योग में ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं। विपश्यना या उपदकनिसदमे ध्यान से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल कम होता है, नींद बेहतर आती है और एकाग्रता बढ़ती है। छात्रों के लिए यह परीक्षा तनाव कम करने का बेहतरीन माध्यम है। कार्यरत लोगों के लिए योग वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी है। योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाना चाहिए। योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि आहार, नींद और दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, सात्विक भोजन . फल, सब्जियां, दालें, अनाज और दूध-योग के लाभों को बढ़ाता है। जंक फूड, ज्यादा तेल-मसाले और रात में भारी भोजन से दूर रहना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, सूर्योदय के साथ योग करना और रात को 7-8 घंटे की नींद लेना आदर्श है। डिजिटल डिटॉक्स भी योग का हिस्सा बन सकता है, स्क्रीन टाइम कम करके ध्यान बढ़ाना।

योग नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और संतुलन सुधारता है, जिससे गिरने का खतरा कम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से सिद्ध है कि यह तनाव कम करता है, कोर्टिसोल स्तर घटाता है और चिंता को 40: तक कम कर सकता है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर नींद, आत्मसम्मान में वृद्धि और समग्र जीवन गुणवत्ता में वृद्धि जैसे लाभ भी प्रमाणित हैं। योग कैंसर रोगियों में थकान कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, जिससे दैनिक जीवन अधिक संतु. लित और ऊर्जावान बनता है। समाजिक स्तर पर योग समुदाय को जोड़ता है। गांवों में योग शिविर, शहरों में पार्कों में सामूहिक सत्र और स्कूलों में योग शिक्षा से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। महिलाओं के लिए यह सशक्तिकरण का साधन है . घरेलू कामों के साथ स्वास्थ्य बनाए रखना। बुजुर्गों के लिए योग गतिशीलता बनाए रखता है और अकेलेपन को कम करता है। पर्यावरणीय दृष्टि से, योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य जुड़े हुए हैं। कम खपत, अधिक जागरूकता और संतुलित जीवन से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी योग फायदेमंद है। अस्पतालों के खर्च कम होते हैं, दवाओं पर निर्भरता घटती है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होता है, जिससे परिवार और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। भारत में योग पर्यटन बढ़ रहा है . ऋषिकेश, हरिद्वार जैसे स्थान विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे रोजगार भी बढ़ता है। योग अपनाना आसान है। शुरुआत में 15-20 मिनट रोज काफी हैं। घर पर ऑनलाइन वीडियो या ऐप्स से सीख सकते हैं। वहीं सरकारी योजनाएं जैसे आयुष मंत्रालय के योग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिविर मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण है निरंतरता। योग कोई जादू नहीं, बल्कि अभ्यास है। योग को धीरे-धीरे बढ़ाएं, शरीर की सुनें और धैर्य रखें। याद रहे कि योग हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहर नहीं, भीतर है। जब हम योग अपनाते हैं, तो न केवल हम स्वस्थ होते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण भी लाभान्वित होता है। इसलिए कोशिश करें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)



राजकोट। ठंडी और धुंध भरी सुबह में अलावा के पास बैठकर खुद को गर्म करते लोग।

## कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# ट्रम्प के बयानों के बाद ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

### प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के 'सिटी हॉल स्क्वायर' पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:30 बजे) भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला।

इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी दोपहर से ही लोग जुटना शुरू हो गए और 'ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड' के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग 'मेक अमेरिका गो अवे' (अमेरिका को वापस भेजो) लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। प्रदर्शनों के बीच




■ ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका एक फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि ग्रीनलैंड की खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो एक जून से इस शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस द्वीप को 'खरीदने' की इच्छा जताई थी, लेकिन अब वे इसे हासिल करने के लिए 'अमेरिकी सेना के उपयोग' सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को वाशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर 'मौलिक असहमति' बनी रही। इस बीच, ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों ने इसे 'ब्लैकमेल' और 'अस्वीकार्य' करार देते हुए एकजुट होकर जवाब देने की चेतावनी दी है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने इस धमकी पर हैरानी जताते हुए कहा कि वे यूरोपीय आयोग के संपर्क में हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट किया कि सहयोगियों के बीच विवादों का समाधान दबाव के बजाय बातचीत से होना चाहिए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इसे सीधे तौर पर 'ब्लैकमेल' बताते हुए कहा कि स्वीडन ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ट्रम्प के कदम की आलोचना की है। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देश इस पर समन्वित प्रतिक्रिया देंगे, जबकि स्टार्मर ने ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला डेनमार्क और वहां के लोगों द्वारा किए जाने की वकालत की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से 'ट्रांस-अटलांटिक' संबंधों में गिरावट आएगी।

# ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया

### ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे थे यूरोपीय देश, कहा: नहीं माने, तो जून से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखा: हमने कई वर्षों तक डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन के सभी देशों और कुछ और देशों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे टैरिफ या किसी भी तरह का कोई टैक्स नहीं लिया। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए क्योंकि अब विश्व शांति दांव पर है। ट्रम्प ने कहा कि चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और डेनमार्क इसे चाहे भी तो नहीं रोक सकता।



■ डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे
■ चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं: ट्रम्प

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डाग स्लेज (कुत्तों के खींचने वाली गाड़ी) हैं। इस खेल में सिर्फ अमेरिका ही कामयाब तरीके से दखल दे सकता है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका पिछले 150 सालों से ग्रीनलैंड खरीदने की कोशिश कर रहा है और कई राष्ट्रपतियों ने इसके प्रयास किए, लेकिन डेनमार्क ने हर बार इनकार किया। फिलहाल इस टैरिफ पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

## ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स।** ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को 'पूरी तरह' से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के 'रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा कि हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

## उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार एसडीएफ के बीच फिर शुरू हुई झड़प

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गई हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफ़र और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गई।

दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफ़यान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और

■ समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था

कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था। उनका कहना है कि समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था। एसडीएफ ने रक्का में पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया है और चेतावनी दी है कि इस तनाव से इस्लामिक स्टेट के कैदियों वाली जेलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। तनाव शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एसडीएफ कमांडर मजलूम आब्दी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों की अपील पर उनकी सेनाएं शनिवार सुबह से फुरात के पूर्व से हटने लगेंगी। एसडीएफ और सीरियाई अंतरिम अधिकारियों दोनों का समर्थन करने वाले अमेरिका ने दोनों पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सीरियाई सरकारी बलों से अलेप्पो और तबका के बीच आक्रामक अभियान रोकने का आग्रह किया है।

## इंडोनेशिया में 11 लोगो को ले जा रहा विमान लापता

■ पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कान्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्राप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्टेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकाप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है।

## मर्कोसुर, यूरोपीय संघ ने किए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन।** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है।

## ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड से नाराज इजरायल

### कहा: बिना बातचीत टीम बनाई, यह नीति के खिलाफ, शांति बोर्ड में भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फार द एडमिनिस्ट्रेशन आफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है। राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा है कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत के की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री),

■ व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की, इस बोर्ड में सात लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं


स्टीव विटकाफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकाफ, जेरेड कुश्नर, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। निकोलाई म्लाडेनोव एग्जीक्यूटिव बोर्ड के प्रतिनिधि होंगे। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। इजरायल का मुख्य विरोध तुर्की जैसे देशों की भूमिका से है। यह हमास के समर्थक माने जाते हैं और इजरायल के साथ इनका संबंध तनाव पूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक पलायन की जरूरत है। ट्रम्प अक्टूबर 2025 में इजरायल पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने नेतन्याहू से मुलाकात की थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने हमे धोखा दिया: ईरानी प्रदर्शनकारी

### कहा: सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया, हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत का दावा

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि ट्रम्प ने हमे धोखा दिया और बेवकूफ बनाया।

जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया।



■ सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुई जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे

ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुई, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे। ईरान में सरकार के खिलाफ 28 दिसम्बर को प्रदर्शन शुरू हुआ था। ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसम्बर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। 23 साल की रूबिना अमिनियन ईरान के एक कॉलेज में फैशन की पढ़ाई कर रही थीं। रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षा बलों ने सिर में गोली मारी थी। घटना के समय रूबिना की मां करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है। वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शाटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे।





